

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश | राजस्थान | हरियाणा | छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र से प्रकाशित



डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17


5 मध्यक्रम में विस्फोटक बल्लेबाजों का होना | सम्पादकीय | दिल्ली सरकार का स्वास्थ्य और शिक्षा | अगले साल ऑप्टिमस रोबोट बेचना शुरू कर सकता 5

वर्ष 16 अंक 88 | E-mail: dholpur@hotmail.com | धौलपुर, शनिवार 27 अप्रैल 2024 | ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online | मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8

# वीवीपैट के ईवीएम से 100 फीसदी मिलान और बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग सुप्रीम कोर्ट ने की खारिज

## प्रत्याशी की शिकायत पर ईवीएम जांच की जा सकेगी

आर.एन.एस.

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में डाले गए वोटों का वोटर-वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) पर्चियों के क्रॉस-वेरिफिकेशन की मांग वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया. सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में कहा है कि ईवीएम पर संदेह जताते हुए याचिकाएं पहले भी सुप्रीम कोर्ट में दायर होती रही है. अब इस मुद्दे पर हमेशा के लिए विराम लग जाना चाहिए. आगे चलकर, जब तक ईवीएम के खिलाफ कोई पुख्ता सबूत न हो, मौजूदा व्यवस्था निरंतर सुधार के साथ लागू रहनी चाहिए. मतदान के लिए ईवीएम के बजाए बैलट पेपर या फिर कोई दूसरा पीछे ले जाने वाली व्यवस्था को अपनाना, (जो देशवासियों के हितो की सुरक्षा न कर सके) उससे बचा जाना चाहिए.

हालांकि जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने भारत के चुनाव आयोग से इस बात की जांच करने को कहा कि क्या वीवीपैट



पर्चियों पर पार्टी के चुनाव चिन्ह के अलावा कोई बारकोड हो सकता है, जिसे मशीन से गिना जा सके. अपने फैसले में जस्टिस खन्ना ने मामले में दो निर्देश पारित किए. सबसे पहले सभी सिंबल लोडिंग यूनिट्स (एसएलयू) को सिंबल लोडिंग प्रक्रिया पूरी होने पर एक मई या उसके बाद सील कर दिया जाएगा और परिणाम घोषित होने के बाद कम से कम 45 दिनों तक स्ट्रॉन्ग रूम में रखा जाएगा.

शीर्ष अदालत ने कहा, चुनाव चिन्ह लोडिंग यूनिट ले जाने वाले कंटेनरों को पोलिंग एजेंटों और उम्मीदवारों की उपस्थिति में सील किया जाना चाहिए, और उन्हें कम से कम 45 दिनों के लिए स्ट्रॉन्ग रूम में रखा जाएगा. कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट और वीवीपैट को मतगणना के परिणाम के बाद मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों के इंजीनियर सत्यापित करेंगे.

दूसरे और तीसरे सबसे अधिक वोट हासिल करने वाले उम्मीदवारों द्वारा किए गए लिखित अनुरोध पर परिणाम की घोषणा के बाद ईवीएम निर्माताओं के इंजीनियरों की एक टीम जले हुए मेमोरी सेमीकंट्रोलर की जांच करेगी.

सभी उम्मीदवार या उनके प्रतिनिधि सत्यापन के समय उपस्थित रह सकते हैं. ऐसा परिणाम घोषित होने की तारीख से 7 दिनों की अवधि के भीतर किया जाना चाहिए. सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद, वास्तविक लागत या खर्च चुनाव आयोग द्वारा अधिसूचित किया जाएगा और उम्मीदवार इसका भुगतान करेंगे. सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि अगर ईवीएम में गड़बड़ी पाई गई तो पैसा वापस कर दिया जाएगा. इसमें कहा गया है कि जिला निर्वाचन अधिकारी इंजीनियरों की टीम के परामर्श से माइक्रोकंट्रोलर की जली हुई मेमोरी को प्रमाणित करेंगे. न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता ने न्यायमूर्ति खन्ना द्वारा जारी निर्देशों से सहमति जताते हुए एक अलग राय दी. वीवीपीएटी को वोटिंग मशीनों के लिए एक स्वतंत्र सत्यापन प्रणाली माना जाता है, जो मतदाताओं को यह सत्यापित करने की अनुमति देती है कि उन्होंने अपना वोट सही ढंग से डाला है या नहीं।

# लोकसभा चुनाव : 13 राज्यों की 88 सीटों पर दूसरे चरण के मतदान सम्पन्न

## त्रिपुरा में सर्वाधिक उप्र में सबसे कम मतदान

आर.एन.एस.

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा के चुनाव के लिए द्वितीय चरण में शुक्रवार 26 अप्रैल को 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर वोटिंग हुई। त्रिपुरा में सबसे ज्यादा करीब 77.93% वोटिंग हुई। महाराष्ट्र, बिहार और उत्तर प्रदेश मे सबसे कम 53% के आसपास मतदान हुआ। 2019 के आम चुनावों में इन सीटों पर 70.05% मतदान हुआ था। वोटिंग के दौरान मणिपुर के उखरुल से एक वीडियो सामने आया था, जिसमें कुछ संदिग्ध एक बूथ के अंदर घुस आए। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि लोकतंत्र को हाईजैक किया गया। इससे पहले, छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में बूथ पर ड्यूटी के दौरान एक पुलिसकर्मी ने खुद को गोली मार ली। वह मध्य प्रदेश का रहने वाला है। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि बंगाल की दो लोकसभा सीटों बालूरघाट और



रायगंज में सेंट्रल फोर्सेस महिलाओं को वोटिंग से रोकी। बालूरघाट में बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और तृणमूल वर्कर्स के बीच झड़प भी हुई।

सेकेंड फेज में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, 5 केंद्रीय मंत्री, 2 पूर्व सीएम और 3 फिल्मी सितारे मैदान में हैं। इसके अलावा राहुल गांधी, शशि थरूर और हेमा मालिनी की सीट पर भी वोटिंग हुई।

2019 में सेकेंड फेज की सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा को 50 और एनडीए के सहयोगी दलों ने 8 सीटें जीती थीं। कांग्रेस के खाते में 21 सीटें गईं थीं। अन्य को 9 सीटें मिली थीं। चुनाव आयोग के मुताबिक, दूसरे फेज में 1,202 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इनमें 1,098 पुरुष और 102 महिला उम्मीदवार हैं। दो प्रत्याशी थर्ड जेंडर से है। इससे पहले 19 अप्रैल को पहले फेज की 102 सीटों पर वोटिंग हुई थी। आज के बाद 5 फेज की वोटिंग 1 जून को खत्म होगी। 4 जून को नतीजे आएंगे।

# इन दिनों पीएम मोदी अपने भाषणों के दौरान घबराए हुए नजर आते हैं - राहुल गांधी

आर.एन.एस.

**बेंगलुरू।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को पीएम नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष किया और कहा कि इन दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने भाषणों के दौरान बहुत घबराए हुए दिखाई देते हैं और संभावना है कि वह मंच पर आंसू बहाएं।

केरल में वायनाड सीट बरकरार रखने के लिए लड़ रहे पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि पीएम मोदी ने पिछले दस वर्षों में गरीबों से पैसा छीन लिया है। राहुल गांधी ने कर्नाटक के बीजापुर में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, इन दिनों नरेंद्र मोदी अपने भाषणों के दौरान बहुत घबराए हुए रहते हैं। हो सकता है कि कुछ दिनों में वह मंच पर आंसू बहा दें।

राहुल गांधी ने आगे कहा, नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 साल में गरीबों से सिर्फ पैसा छीना है। उन्होंने देश के 22 लोगों को उतनी संपत्ति दे दी जितनी देश के 70 करोड़ लोगों के पास है। भारत में ऐसे 1 प्रतिशत लोग हैं जो 40 प्रतिशत संपत्ति पर नियंत्रण रखते हैं, इसलिए कांग्रेस पार्टी बेरोजगारी और महंगाई को खत्म



करके आपको भागीदारी देगी। जितना पैसा नरेंद्र मोदी ने अरबपतियों को दिया है, उतना पैसा हम भारत की गरीब जनता को देंगे।

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने अपने सभी वादे पूरे किये हैं। राहुल गांधी ने कहा, कांग्रेस ने कर्नाटक में अपनी सारी गारंटी पूरी की है, जिससे यहां के लोगों को काफी लाभ मिल रहा है। नरेंद्र मोदी कुछ लोगों को अरबपति बनाते हैं, कांग्रेस सरकार करोड़ों लोगों को लखपति बनाएगी।

# बंगाल : बीरभूम लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी का नामांकन रद्द

आर.एन.एस.

**बीरभूम।** बंगाल में बीजेपी को बड़ा झटका लगा है। बीरभूम लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार देबाशीष धर का नामांकन रद्द हो चुका है। बीजेपी ने पूर्व आईपीएस अधिकारी देबाशीष धर को उम्मीदवार बनाया था। वहीं अब उनकी जगह पार्टी ने देबतनु भट्टाचार्य को नया उम्मीदवार बनाया और उन्होंने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है।

तकनीकी आधार पर रद्द हुआ बीजेपी उम्मीदवार का नामांकन

जिला निर्वाचन अधिकारी ने तकनीकी आधार पर नामांकन रद्द किया है। इस बीच देबाशीष धर ने जिला निर्वाचन अधिकारी के फैसले को चुनौती देने का फैसला किया है उन्होंने कहा, कुछ तकनीकी कारणों से मेरी उम्मीदवारी रद्द कर दी गई है। मैं अपनी पार्टी के नेताओं से बातचीत करने के बाद कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाऊंगा। मुझे लगता है कि बताए गए कारण निराधार हैं। पूर्व प्रचारक और राज्य में रार क्षेत्र के क्लस्टर प्रभारी और नए उम्मीदवार देबतनु भट्टाचार्य ने टीएमसी के खिलाफ पार्टी की रणनीति का समर्थन करने की कसम खाई। भट्टाचार्य ने कहा, मेरी पार्टी मुझसे जो भी करने को कहेगी, मैं वह करूंगा।



हम सभी एकजुट हैं और तृणमूल की साजिशों से लड़ने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। यह उनके गेमप्लान को विफल करने के लिए एक रणनीतिक कदम है।

# दिग्विजय की राजनीति से परमानेंट विदाई करो – अमित शाह

आर.एन.एस.

**गुना-खिलचीपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को मध्यप्रदेश के दौरे पर थे। सबसे पहले अशोकनगर पहुंचे। यहां पर गुना सीट से भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा गुना वालों आपको दो-दो नेता मिलेंगे। ज्योतिरादित्य भी मिलेंगे और केपी यादव भी मिलेंगे। केपी यादव ने इस क्षेत्र की बहुत अच्छी सेवा की है, उनकी चिंता आप मुझ पर छोड़ देना, आपको कुछ करने की जरूरत नहीं है।

अमित शाह ने कहा- गुना वालों आपका यह महाराज विकास को लेकर सबसे ज्यादा समर्पित है। सिंधिया घराने ने इस क्षेत्र का लालन-पालन अपने बच्चे जैसे किया है। मैं राजा साहब के लिए वोट मांगने आया हूं। सिंधिया मेरे मित्र भी हैं, भाजपा के वरिष्ठ नेता भी हैं। इन्हें जिताते हुए यह याद रखना, सिंधिया को दिया एक वोट नरेंद्र मोदी को जाएगा।

इसके बाद वे दिग्विजय के गढ़ राजगढ़ के खिलचीपुर में चुनावी सभा करने पहुंचे। यहां पर बीजेपी प्रत्याशी रोडमल नागर के समर्थन में सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राजगढ़ को बंटाढार करना है क्या? दिग्गी राजा क्या मैंडेट मांगने आए थे। भागकर भोपाल चले गए, अब राजगढ़ आए हो। दिग्गी राजा के साथ बंटाढार शब्द जुड़ गया है। यहां बंटाढार करना है क्या। उन्होंने कहा अब समय आ गया है इन्हें राजनीति से परमानेंट विदाई देने का। दिग्विजय की विदाई आपको करना है। आशिक का जनाजा है, जरा धूम से निकले। सम्मान जैसी लीड से हराकर उनकी विदाई करना। उन्हें घर पर बिठाने का काम राजगढ़ वाले करें, यही कहने आया हूं।





# दरभंगा : शादी में सिलेंडर फटने से एक ही परिवार के 6 की मौत

## बारात में आतिशबाजी से रसोई तक पहुंची चिंगारी

आर.एन.एस.

**दरभंगा।** दरभंगा में शादी के दौरान सिलेंडर ब्लास्ट होने से 6 लोगों की मौत हो गई है। हादसा गुरुवार रात 11 बजे के बाद हुआ। गांव के लोगों ने बताया की छगन पासवान की बेटी की शादी थी। बारात को पड़ोसी रामचंद्र पासवान के आवासीय परिसर में ठहराया गया था। इस दौरान बारातियों ने जमकर आतिशबाजी की। पटाखों की चिंगारी से शामियाने में आग लग गई। पास में ही खाना बन रहा था। देखते ही देखते आग सिलेंडर तक जा पहुंची। सिलेंडर में आग लगते ही ब्लास्ट हो गया। हादसे के बाद दूल्हा-दुल्हन को पास के ही मंदिर में ले जाया गया। वहां दोनों की शादी हुई। इसी दौरान रामचंद्र पासवान के दरवाजे पर रखे डीजल के स्टॉक में भी आग लग गई। इसमें रामचंद्र पासवान के परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। हादसे में रामचंद्र पासवान के बेटे, बहू, बेटी, 2 नाती, 1 नतिनी ने दम तोड़ दिया। मामला अलीनगर प्रखंड के बहेड़ा थाना के अंटोर गांव का है। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगों ने पटाखे जलाने से मना किया था। इसी दौरान किसी ने जले पटाखे पर लात मार दी। उससे निकली चिंगारी से पहले पास रखे फूंस में आग लग गई। देखते-देखते आग गोदाम में फैल गई। फिर कच्चे घर तक पहुंच गई। जिसके लिए बारात आई थी, शादी के बाद उसका पूरा परिवार घर छोड़ फरार है।

# कांग्रेस का इरादा सभी का पैसा, सोना-चांदी जमीन कब्जा करने का है – पीएम मोदी

आर.एन.एस.

**मालदा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एक बार फिर मंगलसूत्र और विरासत टैक्स पर बयान दिया। पीएम ने कहा कि इंडिया गठबंधन महिलाओं, आदिवासियों और गरीबों के खिलाफ खतरनाक कानून लाना चाहता है।

कांग्रेसियों ने महिलाओं का मंगलसूत्र, आदिवासियों के गहने, हर किसी की प्रॉपर्टी जांच कराने का ऐलान किया है। इसके लिए कांग्रेस के शहजादे विदेश से एक्स-रे मशीन लाए हैं। वे पूरे देश में एक्स-रे करेंगे। कांग्रेस का इरादा सभी का पैसा, सोना-चांदी, जमीन कब्जा करने का है। उसका एक हिस्सा ये लोग अपने वोट बैंक को दे देंगे। ये कांग्रेस ने घोषणा की है, लेकिन टीएमसी वाले उसके खिलाफ नहीं बोलते।

पीएम ने कहा कि टीएमसी और



कांग्रेस में तुष्टीकरण का कॉम्पिटिशन चल रहा है। टीएमसी सरकार बंगाल में बांग्लादेशी घुसपैठियों को लाकर बसाने का काम करती है। इन घुसपैठियों को आपकी जमीन और खेत पर कब्जा करवाती है और कांग्रेस आपकी संपत्ति ऐसे वोटबैंक में बांटने की बात कर रही है। टीएमसी के राज में बंगाल में केवल हजारों करोड़ों के स्कैम चलते हैं। घोटाले टीएमसी करती है और भुगतान बंगाल की जनता को करना पड़ता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बंगाल के 50 लाख से ज्यादा किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि के 8 हजार करोड़ रुपए सीधे भेजे गए हैं। लेकिन टीएमसी सरकार को देखिए, वो आपको लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ती। मैं केंद्र से बंगाल के विकास के लिए, यहां की सरकार को जो पैसा भेजता हूं, वो टीएमसी के नेता, मंत्री और तोलाबाज मिलकर खा जाते हैं।

# मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 8 मई तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कथित शराब नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कोर्ट ने आप नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 8 मई 2024 तक बढ़ा दी। इस मामले की जांच ईडी कर रही है। पिछले हफ्ते, सिसोदिया ने लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के लिए प्रचार करने के लिए लगाई गई अंतरिम जमानत याचिका वापस ले ली थी। न्यायिक हिरासत अवधि समाप्त होने पर शुक्रवार को सिसोदिया को राउज एवेन्यू कोर्ट की जज कावेरी बावेजा के सामने पेश किया गया। अदालत ने पिछली बार सिसोदिया की दायर नियमित जमानत याचिका पर अपना फैसला 30 अप्रैल के लिए सुरक्षित रख लिया था। उन्होंने सीबीआई और ईडी दोनों द्वारा जांच किए जा रहे मामलों में जमानत मांगी है।

# ईरान के साथ ट्रेड करने वाली 3 भारतीय कंपनियां बैन

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के साथ व्यापार करने पर भारत की तीन कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन कंपनियों पर आरोप है कि ये ईरानी सेना के साथ अवैध व्यापार और उनके लिए ड्रोन्स ट्रांसफर करने का काम करती थीं। अमेरिका के ट्रेजरी विभाग ने बताया कि यह बैन भारत के अलावा कई दूसरे देशों की कंपनियों, लोगों और जहाजों पर भी लगाया गया है। ये सभी गुप्त तरीकों से रूस तक ईरानी ड्रोन्स की डिलीवरी में अहम भूमिका निभाते रहे थे।

इन ड्रोन्स का इस्तेमाल यूक्रेन के खिलाफ जंग में किया जाता है। जिन भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं, उनमें जेन शिपिंग, पोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटिड और सी आर्ट शिप मैनेजमेंट कंपनी शामिल है। अमेरिका के साथ-साथ यूक्रेन भी ईरान पर रूस को कामिकाजे ड्रोन पहुंचाने का आरोप लगाता आ रहा है।

# यौन शोषण : मामलों की दोबारा जांच कराने की आरोपी ब्रजभूषण की याचिका खारिज

## दिल्ली कोर्ट 7 मई को आरोप तय करेगी

आर.एन.एस.

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह की याचिका खारिज कर दी। बृजभूषण ने यौन उत्पीड़न के आरोपों की दोबारा जांच कराने की मांग की थी। कोर्ट अब 7 मई को आरोप तय करेगी।

बृजभूषण ने दावा किया था कि घटना के दिन, 7 सितंबर 2022 को वह दिल्ली में नहीं थे, इसलिए इन आरोपों की दोबारा जांच की जाए। उन्होंने आरोप लगाने वाली पहलवानों की ष्ष्ठक्र (कॉल डिटेल रिपोर्ट) की कॉपी भी मांगी है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में जून 2023 को बृजभूषण के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। यौन शोषण मामले में पहली बार 18 जनवरी 2023 को रेसलर बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक, विनेश फोगाट समेत 30 से ज्यादा



पहलवानों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन भी किया था।

पहलवानों के आरोपों को लेकर बृजभूषण ने कहा था कि दिल्ली पुलिस ने 7 सितंबर को मेरे ऊपर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए चार्जशीट दाखिल की थी, वह पूरी तरह से निराधार है, क्योंकि मैं 7 सितंबर 2022 को विदेश में था, दिल्ली में था ही नहीं। साक्ष्य के तौर पर कोर्ट में अपना पासपोर्ट और टिकट भी जमा किया है।

# सोपोर में दो आतंकी ढेर, दो जवान घायल

आर.एन.एस.

सोपोर। उत्तरी कश्मीर के सोपोर में सुरक्षाबलों ने शुक्रवार 26 अप्रैल को दो आतंकी मार गिराए। यहां सुरक्षाबलों ने गुरुवार को ऑपरेशन शुरू किया था। आतंकियों से मुठभेड़ में दो जवान घायल हुए हैं। इस दौरान एक नागरिक के कंधे में गोली लगी। उसे जिला अस्पताल भेजा गया, जहां से उसे श्रीनगर रेफर कर दिया गया।मुठभेड़ अभी भी जारी है। नौपोरा इलाके में एक घर के अंदर आतंकियों के छिपे होने की सूचना थी। सुरक्षाबलों ने वहां घेराबंदी दी। आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलियां चलाई और वहां मुठभेड़ शुरू हो गई। गुरुवार 25 अप्रैल को रात अंधेरा होने पर ऑपरेशन रोक दिया गया था। आज सुबह फिर से गोलीबारी शुरू हुई, जिसमें दो आतंकी मारे गए।

मारे गए आतंकियों की पहचान नहीं हुई है। वहां लश्कर के डिवीजनल कमांडर उस्मान और लश्कर के संगठन टीआरएफ के कमांडर बासित डार के फंसे होने की जानकारी थी। इससे पूर्व मंगलवार को बांदीपोरा के रेंजी अरागाम में आतंकियों से मुठभेड़ में भी दो सैन्यकर्मी घायल



हुए थे। पुलिस को गुरुवार दोपहर बाद पता चला कि स्वचालित हथियारों से लैस दो-तीन आतंकी सोपोर में किसी जगह अपने संपर्क सूत्र से मिलने आए हैं। ये आतंकी चुनाव के दौरान किसी वारदात को अंजाम देने का षड्यंत्र रच रहे हैं। शाम सात बजे के करीब जब सुरक्षाबल तलाशी लेते हुए आगे बढ़े तो मस्जिद से कुछ ही दूरी पर स्थित एक मकान में छिपे आतंकियों ने उन पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया।

# टीआईएस स्कूल मानसरोवर के प्रेरणास्त्रोत दीपक राठौड़ की पुण्य स्मृति में रक्तदान शिविर

### रक्तदान है प्राणी पूजा, इसके जैसा ना दान दूजा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** टैगोर इन्टरनेशनल स्कूल मानसरोवर, जयपुर के प्रेरणास्त्रोत, सूत्रधार दीपक राठौड़ की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति लोगों ने जीवन के प्रति सकारात्मक सोच बनाने हेतु रक्तदान महादान की मुहिम को सतत् चलाया जा रहा है।

जिसे स्वास्थ्य विभाग ब्लड बैंक एवं टैगोर हॉस्पिटल के चिकित्सकों के सहयोग से पूर्ण निरीक्षण एवं निगरानी में रक्तदाताओं के स्वास्थ्य के प्रति सजगता रखते हुए सफल बनाया गया। शिविर के अन्तर्गत 100 युनिट ब्लड का एकत्रीकरण किया गया। इस अवसर पर टैगोर शिक्षण संस्थान के निदेशक पी.डी.सिंह ने रक्तदान के प्रति लोगों को जागरुक होने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि यदि ईश्वर ने आपको योग्य बनाया है कि आप दूसरों की मदद कर सकते हैं तो जरूर करें, रक्तदान कर किसी को नया जीवन दान करें। इसी के साथ टैगोर इन्टरनेशनल स्कूल के प्रेरणास्त्रोत, स्नेहित, पथप्रदर्शक, कर्मठ प्रतिभा के धनी दीपक राठौड़ की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पण करने हेतु दीप स्मृति सभागार में स्वरांजलि कार्यक्रम के अन्तर्गत भजनों का आयोजन किया गया। इस मौके पर राहुल भालिया एवं उनके संगत साथियों ने मधुर एवं सुरीले भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी श्रोतागणों को भावविभोर किया। अन्त में पवित्र पावन दिवंगत पुण्यात्मा की शांति के लिए सभी परिवारजन एवं उपस्थितगणों द्वारा संवेदनात्मक रूप से प्रार्थना की गई। किसी की रिक्तता को पूरित नहीं किया जा सकता है, अपितु उनके प्रशस्त मार्ग पर चलकर आत्मिक सुकून तथा शांति प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर संस्था प्राचार्या श्रीमती कमल राठौड़ ने उनके मानवीय मूल्यों के प्रशस्त मार्ग पर चलकर विद्यालय को उन्नति के प्रखर शिखर तक ले जाने का सफल प्रयास किया है।

## कैंब्रिज केंपस वर्ल्ड स्कूल के खिलाड़ियों का टैलेन्ट हंट



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** आईआईएस स्कूल सीतापुरा में यूथ गेम्स डेवलपमेंट फैडरेशन द्वारा आयोजित सैंकण्ड खेल उत्सव-2024 का आयोजन किया गया जिसमें एक हजार से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें गिरिराज विहार, दो सौ फीट बाईपास, चित्रकूट स्कीम, जयपुर स्थित कैंब्रिज केम्पस वर्ल्ड स्कूल के खिलाड़ियों में विनय शर्मा, आयुष शर्मा, हर्तिका मारोठिया, तेजल वशिष्ठ और नैंसी रावत ने गोल्ड और येन्सी टाक, अंश नायक ने सिल्वर और शौर्यवर्धन सिंह चौहान ने ब्रांज मेडल लेकर अपने हुनर का प्रदर्शन किया। गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ी अब गुजरात में होने वाली नेशनल टूर्नामेंट में अपने खेल का जलवा दिखायेंगे। संस्था प्रधान शिवराम चौपड़ा ने सभी खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए बधाईयां दी आगे और अच्छा करने का आशीर्वाद दिया।

## कोटपूतली में 4 घंटे का रहेगा पावर कट

### सुबह साढे 6 बजे से साढे 10 बजे तक बिजली कटौती, जीएसएस पर होगा मेंटेनेंस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली ।** कोटपूतली क्षेत्र में आज 4 घंटे की विद्युत कटौती की जाएगी। कृष्ण कुमार सैनी कनिष्ठ अभियंता कोटपूतली ने जानकारी देते हुए बताया कि 220 केवी जीएसएस कोटपूतली से निकलने वाले 33 केवी फीडर पावटा पर आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के कारण 33 केवी फीडर पावटा की सप्लाई सुबह 06:30 बजे से 10:30 बजे तक बंद रहेगी। जिस कारण 33 केवी जीएसएस भैसलाना, दांतिल, बिठलोड़ा, भुरी भड़ाज से निकलने वाले सभी 11 केवी फीडरों की सप्लाई 4 घंटे के लिए बंद रहेगी।

## 'प्रखर-2024' कार्यक्रम का आयोजनः डॉ. अरविंद मित्तल जोन चैयरपर्सन अवॉर्ड से सम्मानित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली ।** लायंस क्लब इंटरनेशनल की रीजन कॉन्फ्रेंस 'प्रखर-2024' कार्यक्रम का आयोजन विगत गुरूवार रात्रि को खैरथल मंडी में किया गया। लायंस क्लब कोटपूतली को सामाजिक सेवा में उल्लेखनीय कार्य करने पर 13 बेस्ट अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष डॉ. अरविंद मित्तल को रीजन के आउट स्टैंडिंग जोन चैयरपर्सन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया एवं सचिव अरुण गर्ग को बेस्ट सचिव के अवॉर्ड से नवाजा गया। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन ओपी गगर रहे। कार्यक्रम में कोटपूतली-बहरोड़, नीमकाथाना व अलवर जिले के 19 क्लब के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया।




## नन्हे मुन्ने बच्चों ने पेड़ बचाने की सीख दी



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** ग्रैंड सीकर रोड, राजावास स्थित एनके पब्लिक स्कूल में कक्षा 4 के विद्यार्थियों द्वारा विशिष्ट सभा आयोजित कर नृत्य नाटिका के माध्यम से सभी को पेड़ लगाने एवं पृथ्वी बचानें का संदेश दिया गया। गौरतलब है कि विद्यालय द्वारा पृथ्वी दिवस को वातावरण संरक्षण सप्ताह के अधीन प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों तक पेड़ बढ़ाओ, पृथ्वी बचाओ का नारा प्रेषित किया। कक्षा 4 के विद्यार्थियों नें यह संपूर्ण नृत्य नाटिका अध्यापिका सोनू कुमावत के निर्देशन में तैयार किया। नन्हे बच्चों ने पेड़ों का रूप धर, अभी मुझमें कहीं बाकी थोड़ी सी है जिंदगी... गाने पर भावपूर्ण प्रस्तुति दी।
विद्यालय के प्रबंध निदेशक, डॉ एन सी लूनायच नें सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों की प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए बताया कि वर्तमान में संपूर्ण पृथ्वी पर बहुतायत में वृक्षारोपण की आवश्यकता है जिसे अपेक्षा से कम महत्व दिया जा रहा है। वृक्षों की अनदेखी संपूर्ण मानवता की अनदेखी ही है। निदेशक, कुलदीप सिंह नें विद्यार्थियों को जागरूक बनाने हेतु अपने उद्बोधन में विद्यालय में उपस्थित 15 से 20 वर्ष पुराने छायादार वृक्षों का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बताया की किस प्रकार ग्रीष्म ऋतु में ये पेड़ पौधे थके हुए राहगीर से लेकर नन्हे नन्हे पक्षियों का बसेरा बनता है। प्रधानाचार्या, कविया प्रेमा नें अपने उद्बोधन में बच्चों से अपील की की पेड लगाने के साथ ही इनकी नियमित देखभाल भी मानव का परम कर्तव्य है। बिना देखभाल के पेड़ पौधों पर ग्रीष्म ऋतु में सर्वाधिक दुष्प्रभाव दिखाई देता है। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य, गौरव माथुर, स्टाफ सेक्रेटरी, पूनम शर्मा सहित सभी अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं।

# सोता नाला, साबी नदी और बूचारा बांध संरक्षण के लिए एनजीटी ने दिए नोटिस

### अवैध खनन गतिविधियों से बचाने की कवायद

**कोटपूतली ।** एनजीटी भोपाल ने राजस्थान के कोटपूतली-बहरोड़ क्षेत्र में बहने वाला सोता नाला के बहाव क्षेत्र तथा इस नदी पर बने बूचारा बांध को अवैध खनन, भारी ब्लासि्ंटग, पत्थर क्रेशर लगाने और अतिक्रमण से बचाने के लिए राज्य सरकार के कई विभागों को नोटिस जारी किया है। एनजीटी की सेंट्रल जोन बेंच, भोपाल की ओर से कैलाश मीना और अमित कुमार की याचिका पर पहली सुनवाई के दौरान भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा जल संसाधन एवं नदी विकास मंत्रालयों, राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव सहित अन्य संबंधित विभागों और कलक्टर कोटपूतली-बहरोड़ को 4 सप्ताह में जवाब देने के निर्देश दिए हैं। एनजीटी ने साबी नदी की सहायक नदी के रूप में बहने वाले सोता नाला, जिसका पानी बूचारा बांध को भरता है, के संरक्षण दिशा में महत्वपूर्ण आदेश जारी करते स्थानीय प्रशासन, पर्यावरण एवं जल संरक्षण से जुड़े 4 संस्थानों के प्रतिनिधियों की एक समिति भी बनाई है. इस समिति को प्राधिकरण के समक्ष सोता नदी क्षेत्र का दौरा कर वहां की वर्तमान वास्तविक स्थिति और राज्य सरकार द्वारा अवैध खनन तथा अतिक्रमण आदि को रोकने के लिए की गई कार्रवाई पर रिपोर्ट पेश करने को कही है। एनजीटी द्वारा गठित समिति में राज्य सरकार के जल संसाधन और भूजल विभाग और केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल तथा के प्रतिनिधियों को सदस्य बनाया गया है। संयुक्त समिति को 6 सप्ताह में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल को इस समिति का नोडल संस्थान तय किया गया है। अगली सुनवाई 30 जुलाई तय की गई है। याचिका के अनुसार सोता नाला के बहाव क्षेत्र और बूचारा बांध के कैचमेंट क्षेत्र में अनियंत्रित और अवैध खनन गतिविधियां, भारी मात्रा में ब्लासि्ंटग और अतिक्रमण कर पत्थर क्रॉसिंग लगातार हो रही हैं। इससे बड़े-बड़े गड्ढे हो गए है। इस कारण से बूचारा बांध में वर्ष 1996 से पानी आना बंद हो गया था। नदी और बांध क्षेत्र में कब्जे और अवैध गतिविधियों के कारण पानी का प्राकृतिक बहाव प्रभावित होने से क्षेत्र का पूरा इकोसिस्टम बिगड़ रहा है।

## ग्राम बनेठी में सत्संग एवं भण्डारे का आयोजन हुआ

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली ।** ग्राम बनेठी स्थित श्री बालाजी मंदिर में जय गुरुदेव के अनुयाईओं द्वारा सत्संग एवं भण्डारे का आयोजन किया गया। सत्संग प्रवक्ता (दौसा) विजेंद्र सिंह ने अपने प्रवचन में कहा की किसी जीव को मत सताओ, मांस-मदीरा का सेवन मत करो, सत्य के मार्ग पर चलो। प्रांतीय कमेटी सदस्य पप्पू सैनी, बसंत गुप्ता, रामकिशन यादव, निरंजन पारीक आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर बनेठी सहित आसपास के गावों से बड़ी संख्या में जय गुरुदेव के अनुयाईओं ने भंडारे में अपनी सेवायें दी तथा सत्संग का आनंद लिया।

## मंदिर का जीर्णोद्धार कर की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**चाकसू।** निकटवर्ती ग्राम नरहरीपुरा में ज्ञानराय जी महाराज के प्राचीन मंदिर का ग्रामीणों के सहयोग से जीर्णोद्धार किया गया। मंदिर नवनिर्माण समिति के अध्यक्ष शिवनारायण बागड़ा और कोषाध्यक्ष लोकेश बागड़ा ने बताया कि शुक्रवार को नवनिर्मित मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा करवाई गई। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व कार्यक्रम के तहत 22 अप्रैल को कलश यात्रा और मंडप प्रवेश हुआ, वही शुक्रवार को दोपहर में मूर्तियों का नगर भ्रमण करवाया गया, नगर भ्रमण का ग्रामीणों ने फूलो की वर्षा कर स्वागत किया। नगर भ्रमण के बाद मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा करवाई गई। इस दौरान मंदिर में गणेश जी की मूर्ति कैलाश बागड़ा ने ठाकुर जी की मूर्ति कैलाश शर्मा, लक्ष्मी पति जगदीश गोपाल बागड़ा, शिखर कलश मदन बागड़ा, हनुमान जी की मूर्ति भंवर बागड़ा, खाटूश्याम जी की कैलाश प्रजापत, शिव परिवार सुवालाल प्रजापत, तुलसी कन्या दान कैलाश पण्डित ने किया। मंदिर समिति के रामकृपाल ने बताया कि इस मौके पर भंडारे का आयोजन किया गया, वही रात को भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमे देर रात तक श्रद्धालु भगवान के भजनों पर नाचते रहे। कार्यक्रम में पंकज शर्मा, बंशी लाल सहित अनेक ग्रामीणों का सहयोग रहा।

### चाय की दुकान पर बैठे व्यक्ति से मारपीट

## कार में तोडफ़ोड़ कर निकाल ले गये 18 हजार 500 रूपयों की नकदी





हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली ।** ग्राम गोरधनपुरा चौकी में विगत बुधवार 24 अप्रैल की रात्रि करीब 10 बजे चाय की दुकान पर बैठे एक व्यक्ति से अज्ञात बदमाशों द्वारा मारपीट कर गाड़ी में तोडफ़ोड़ करते हुये नकदी लूट कर ले जाने का मामला सामने आया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मनोज पुत्र जौहरी लाल यादव निवासी ढ़ाणी मंगल बाबूजी, गोरधनपुरा थाना सरूण्ड ने दर्ज करवाया कि बुधवार 24 अप्रैल की रात्रि 10 बजे परिवादी का बड़ा भाई रमेश यादव गोरधनपुरा में राजमार्ग पर राकेश जाट (भाटी) के चाय की दुकान पर बैठा था, तभी चार आदमी हेलमेट व कपड़े से मुंह बांध कर आये, आते ही परिवादी के भाई रमेश के साथ डण्डों से मारपीट शुरू कर उनकी जेब से पर्स निकालना चाहा जो कि जेब में नहीं मिलने पर उनकी कार ब्रेजा में तोडफ़ोड़ कर उसमें रखा पर्स निकाल ले गये। पर्स में करीब 18 हजार 500 रूपयों की नकदी थी। रिपोर्ट में बताया है कि उक्त हमलावर योजना बनाकर परिवादी के भाई के साथ मारपीट कर रूपये लूटने आये थे। हमलावरों द्वारा की गई मारपीट में पीड़ित के चेहरे, दोनों आंखें, माथे, नाक, होट, पीठ व सिर में गंभीर चोटें आई है। घटना की सूचना मिलने पर परिवादी ने अपने भाई को राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। जहाँ उपचार जारी है। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर घायल की मेडीकल जांच करवाते हुये मुल्जिमों की तलाश तेज कर दी है।

## बच्चे तो ईश्वर का सच्चा स्वरुप हैं -प्रोफेसर प्रियंका माथुर



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** बीएसएनएलराजस्थान दूरसंचार महिला कल्याण संगठन ने जयपुर के जामडोलीस्थित स्पेशियली एबिल्ड स्कूल के बच्चों और वृद्धाश्रम की महिलाओं के साथ क्वालिटी टाइम व्यतीत किया। उनकी दिनचर्या और गतिविधियों के संबध में उनसे परस्पर वार्तालाप किया । राजस्थान दूरसंचार महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष प्रो प्रियंका माथुर ने बताया कि ÷यह बच्चे तो ईश्वर का सच्चा स्वरुप हैं। इनकी सेवा करना मानवता की सच्ची सेवा है। बीएसएनएल का दूरसंचार महिला कल्याण संगठन समय-समय पर समाज के उपेक्षित व वंचित वर्गो तक पहुंचकर उनकी यथासंभव सहायता करके अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करनेके लिए सदैव तत्पर रहता है। श्रीमती निधि माथुर, महाप्रबंधक (मुख्यालय) ने कहा कि यदि हम सक्षम हैं तो हमें यथाशक्ति समाज-कार्य के माध्यम से मानवता की सेवा करना चाहिए। यह हमारे अपने सुकून के लिए है। इस अवसर पर संगठन की सचिव डॉ. संगीता सक्सेना एवं सदस्यश्रीमती नीता सिंह,,श्रीमती मोनिका मिनोचा, श्रीमती रश्मि सिंहने उत्साहपूर्वक विविध गतिविधियों में भागीदारी की। वृद्धाश्रमकी ओर से श्री अमिताभ कौशिक, ?डवाइजर, स्पेशियली एविल्ड पर्सन्स, राज. सरकार ने सभी व्यवस्था करवाई। अध्यक्ष महोदया प्रो प्रियंका माथुर व निधि माथुर ने सदस्याओं के सहयोग से सभी को फल, बिस्किट, चोकलेट व अन्य खाद्य सामग्री वितरित की। बच्चों का अपनापन देखकर सभी का मन भर आया। सौहार्दपूर्ण वातावरण में यह सामाजिक कार्य पूर्ण हुआ।

## अवैध रूप से संचालित निजी क्लीनिक एवं लैब संचालक के विरुद्ध होगी कार्यवाही

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली ।** नवगठित जिला कोटपूतली-बहरोड में अवैध रूप से संचालित सभी निजी चिकित्सालय एवं लैब संचालक के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने बताया कि अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं निदेशक जन स्वास्थ्य द्वारा जारी किए गए आदेशों की अनुपालना में जिले में अनाधिकृत रूप से संचालित निजी चिकित्सालय एवं लैब संचालक के विरुद्ध जिला स्तरीय टीम द्वारा कार्यवाही की जावेगी। इसके लिए जिला स्तर पर टीम गठित की जाकर उपरोक्त अवैध रूप से संचालित क्लीनिक एवं लैब संचालक की जांच की जायेगी तथा बिना डिग्री डिप्लोमा एवं क्लीनिकल एक्ट में बिना पंजीकृत करवायें क्लीनिक एवं लैब संचालित पाये जाने पर संबंधित के विरुद्ध क्लीनिकल एक्ट 2010 के तहत कार्यवाही की जायेगी। सीएमएचओ डॉ. शेखावत ने बताया कि प्राईवेट क्लीनिक के संचालन हेतु क्लीनिकल एक्ट में रजिस्ट्रेशन अतिआवश्यक है। जिसके तहत क्लीनिक से संबंधित दस्तावेज की जांच की जाती है। क्लीनिकल एक्ट में पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। नोडल अधिकारी रविकांत जांगिड़ ने बताया कि जिले में संचालित सभी क्लीनिक एवं लैब से संबंधित रजिस्ट्रेशन एवं आवश्यक डिग्री डिप्लोमा तथा आवश्यक समस्त दस्तावेज सीएमएचओ कार्यालय में 2 मई से जमा करवाये जाने हेतु नोटिस जारी किया गया है। जिला स्तर से जांच किए जाने पर दस्तावेजों में कमी पाये जाने पर संबंधित के विरुद्ध क्लीनिकल एक्ट 2010 के तहत कार्यवाही की जायेगी।

## मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर ने शेफ कॉन्क्लेव 1.0 की मेजबानी कीः मिलेट्स इनोवेशन का जश्न मनाया



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर ने शेफ कॉन्क्लेव 1.0 की मेजबानी की, जिसका थीम मिलेट्सः इनोवेशन विद द गोल्डन पेलेट्स था। रॉयल राजस्थान शेफ्स सोसाइटी के सहयोग से स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म मैनेजमेंट द्वारा आयोजित, इस कार्यक्रम का उद्देश्य ज्ञानवर्धक चर्चाओं और नेटवर्किंग अवसरों के लिए सेलिब्रिटी शेफ, उद्योग विशेषज्ञ, उत्साही और छात्र को एक साथ लाना था। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक राजस्थानी साफा समारोह के साथ हुई, जिसके बाद प्रकाश समारोह हुआ, जिसमें प्रो प्रेसिडेंट - कमोडोर (डॉ.) जवाहर एम जांगिड़, रजिस्ट्रार डॉ. नीतू भटनागर, और शेफ (डॉ.) मंजीत गिल सहित विशिष्ट अतिथि मौजूद थे। शेफ विजया भास्करन, शेफ (डॉ.) परविंदर सिंह बाली, और शेफ अजय कुमार सूद। उल्लेखनीय हाइलाइट्स में शेफ (डॉ.) मंजीत गिल द्वारा बाजरा-आधारित खाद्य उत्पाद और पाककला नवाचार पर एक मुख्य भाषण, साथ ही शेफ विजया भास्करन द्वारा बाजरा के सांस्कृतिक और पारंपरिक महत्व पर चर्चा शामिल थी। पैनल चर्चाओं में बाजरा के माध्यम से रसोई में स्थिरता और मुख्य भोजन के रूप में बाजरा की स्वीकृति जैसे विषयों पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में पाक उद्योग में करियर के अवसरों और ब्रांडिंग पर एक खुला मंच भी शामिल था, जो इच्छुक शेफ के लिए मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करता था। कॉन्क्लेव का समापन धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ और उसके बाद एक हाई-टी सत्र हुआ।

## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सांस्कृतिक विचारों का आदान-प्रदान



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** एमपीएस इंटरनेशनल विद्यालय में फ्रांस से आए हुए प्रतिनिधियों के रूप में श्री शिवन भार्गव और उनके बेटे श्री नोए ने शैक्षणिक और सांस्कृतिक विचारों का आदान-प्रदान किया । फ्रांस एवं भारतीय शिक्षा पद्धति के अंतर को जानते हुए विद्यार्थियों ने फ्रांस में उच्च शिक्षा एवं व्यवसाय के अवसरों के बारे में अपनी जिज्ञासाओं का शमन किया। साथ ही वहाँ के रहन-सहन और सांस्कृतिक परिवेश के बारे में जानकारी ग्रहण की । अतिथियों ने प्रार्थना सभा में भाग लिया । प्राचार्या श्रीमती मंजू शर्मा के साथ मिलकर विद्यालय का भ्रमण किया। वे विद्यालय की व्यवस्थाओं और अटल टिंकरिंग लैब से बहुत प्रभावित हुए । प्राचार्या महोदया ने अतिथियों को आभार स्वरूप तुलसी का पौधा भेंट किया।

# पशु वन्य जीव दिवस विशेषः पशु-पक्षियों को बचाने में दिन रात जुटे दो भाई-बहन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**कोटपूतली ।** कहते है कि सेवा करने में ना तो उम्र मायने रखती एवं ना ही डिग्री मायने रखती। पशु-पक्षियों की सेवा के लिए पशु चिकित्सक होना जरूरी नहीं होता। क्योंकि जिसके अन्दर यदि पशु-पक्षियों की सेवा भावना पैदा हो जाये तो फिर वो सेवा करेगा ही। पशु वन्य जीव दिवस के मौके पर ऐसे दो भाई बहन के बारे में बताते है जो पशु चिकित्सक नहीं है फिर भी घायल पशु-पक्षियों की रक्षा करने में जुटे रहते है। पावटा तहसील के ग्राम भांकरी निवासी मोहित शर्मा एवं दिव्या शर्मा, जिन्हें कोई घायल बीमार पशु-पक्षी दिखता है तो ये अपने सभी कार्य छोडक़र उसकी सेवा में जुट जाते है। इन दोनों भाई-बहन का एक ही लक्ष्य है कि हरसंभव प्रयास करके घायल पशु-पक्षियों एवं वन्य जीवों को बचाया जायें, ताकि आने वाली पीढियां इन पशु-पक्षियों वन्य जीवों को देख सके। मोहित व दिव्या का कहना है कि हमें इन वन्य जीवों को जंगलो में संरक्षित करना है ना की फोटो में। अब तक इन्होंने बानसूर एवं शाहपुरा क्षेत्र में एक जरख की जान बचाई है। जहाँ कोरोना काल में लोग अपने घरो में बन्द थे। उस समय दिव्या व मोहित घायल पशु-पक्षियों के उपचार के साथ-साथ अनेक जीवों के लिए खाने पीने की व्यवस्था में जुटे हुये थे। बाजरे की फसल कटाई के समय नीलगाय के ब्यांत समय होता है जिस पर कुत्ते हमला करके घायल कर देते है तो उनकी मॉं (नीलगाय) उन बच्चों को छोडक़र भाग जाती है तो ऐसी स्थिति में ये उन बच्चों का उपचार करवाने के साथ उनका पालन पोषण करते है। मोहित व दिव्या ने नीलगाय के बच्चों को निप्पल एवं बोतल से दूध पिलाकर पालन पोषण कर उन्हे जंगल छोड़ा। दिव्या ने कहा कि इन विलुप्त होती वन्य जीवों की प्रजाति को हमें बचाना चाहिये, ये बचेगे तभी हमारी प्रकृति बचेगी। मोहित एवं दिव्या ने 10 अक्टूबर 2019 से अब तक 871 नीलगाय, 403 मोर, 2513 गाय, 51 बन्दर, 23 लंगूर, 02 जरख, 1 बाज, 1 गीदड़ सहित सैकड़ों छोटे परिन्दों की जान बचाई है। इसके अलावा ये दोनों भाई-बहन प्रकृति जीवित रखने के लिए हर साल वर्षा ऋतु में वृक्षारोपण भी करते है। इसके अलावा हर साल गर्मी के समय में पावटा, विराटनगर एवं शाहपुरा क्षेत्र में पक्षियों के दाने पानी के लिए पेड़ों पर परिण्डे बांधते है। इस कार्य में मोहित व दिव्या के पिता डॉ. गौरीशंकर शर्मा का पूरा योगदान रहता है।

# जयपुर, कोटा और बीकानेर में बारिश हुई
# बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत 4 घायल

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** राजस्थान में शुक्रवार को पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बारिश का दौर शुरू हो गया है। इस दौरान बूंदी में बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, चार घायल हो गए। सभी को रावतभाटा जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इससे पहले सुबह बीकानेर शहर के बाहरी इलाके में कुछ जगह हल्की बारिश हुई। साथ ही वोटिंग के दौरान कोटा और झालावाड़ में भी बरसात हुई। जयपुर में भी तेज हवा के साथ बारिश हुई। दरअसल, पाकिस्तान, राजस्थान की सीमा पर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है। इस सिस्टम के असर से राजस्थान में दोपहर बाद मौसम में बदलाव हुआ। यहां दोपहर बाद आंधी चलने के साथ कई जगह बादल छा गए। कोटा, झालावाड़, बूंदी में कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी हुई। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, साइक्लोनिक सर्कुलेशन के प्रभाव से मध्य प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में एक ट्रफ लाइन गुजर रही है। इसके प्रभाव से मध्य प्रदेश के साथ उसकी सीमा से लगते राजस्थान के जिलों में भी मौसम बदल सकता है। कोटा, बारां, झालावाड़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, बीकानेर, गंगानगर और हनुमानगढ़ में दोपहर बाद आंधी चलने के साथ कई जगह हल्की बारिश हो सकती है। राजस्थान में कल गर्मी तेज रही। यहां 20 शहरों में पारा 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ। कल सबसे ज्यादा गर्म दिन टोंक के निवाई में रहा, जहां अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। कोटा, धौलपुर, बारां, डूंगरपुर, करौली, बाड़मेर, जालोर, गंगानगर, जैसलमेर और फतेहपुर में पारा 41 डिग्री सेल्सियस, जबकि चूरू, बीकानेर, जोधपुर, फलोदी, सिरोही, पिलानी, भीलवाड़ा और हनुमानगढ़ में पारा 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

# जयपुर एयरपोर्ट को बेंगलुरु से मिली बम से उड़ाने की धमकी, मामला दर्ज

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** शुक्रवार को बेंगलुरु से एक शख्स ने जयपुर एयरपोर्ट को ईमेल के जरिये बम से उड़ाने की धमकी दी है। धमकी मिलने की सूचना के बाद एयरपोर्ट पर हड़कंप मच गया। तुरंत एयरपोर्ट की सुरक्षा को लेकर सुरक्षाकर्मियों और एंटी बम स्क्वॉड ने सर्च अभियान चलाया। आरोपी को सर्च करने के लिए साइबर टीम भी जांच में जुट गई है। एयरपोर्ट अधिकारी केअनुसार शुक्रवार दोपहर यात्रियों को फीडबैक के लिए दी गई आईडी पर धमकी भरा ईमेल मिला। ईमेल पर धमकी देने वाले ने खुद को बेंगलूरु का का निवासी बताया है।

आरोपी ने धमकी भरे ईमेल में लिखा कि एयरपोर्ट के एंट्रेंस गेट पर काले रंग के बैग में बम रखा है। मैं बेंगलुरु में बैठा हूं। पकड़ सको तो पकड़ लो।धमकी की सूचना के बाद डॉग स्क्वॉड, एंटी बम स्क्वॉड और एयरपोर्ट की सभी सुरक्षा एजेंसियों ने जांच शुरू की।

काफी मशक्कत के बाद जांच में एयरपोर्ट पर कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इस मामले की रिपोर्ट एयरपोर्ट थाने में दर्ज करवा दी गई है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार दोपहर एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 के गेट पर बैग में बम रखे होने की सूचना दी गई। जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के ऑफिशियल आईडी पर राजेश नाम के व्यक्ति ने ईमेल के जरिये धमकी दी है। ईमेल में लिखा कि, जयपुर एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 गेट पर काले रंग के बैग में बम रखा हुआ है। मैं बेंगलुरु में बैठा हूं। पकड़ सको तो पकड़ लो।

# राज्यपाल कलराज मिश्र को सड़क सुरक्षा के सबंध में ग्राफिक उपन्यास की प्रति भेंट

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र को शुक्रवार को राजभवन में सड़क सुरक्षा जागरूकता के आलोक में तैयार ट्रैफिक टेल्स ग्राफिक नोवल भेंट किया गया। मुस्कान फाउंडेशन फॉर रोड सेफ्टी द्वारा प्रकाशित इस अंग्रेजी नोवल में सड़क पर वाहन चलाने से संबंधित सावधानियां, दुर्घटना से बचाव और सड़क सुरक्षा से संबंधित सावधानियों को चितकथा–रूप में संयोजित किया गया है। राज्यपाल मिश्र ने इस प्रयास की सराहना की है।

## याचिकाकर्ता पर पुलिस द्वारा कोई दण्डात्मक कार्यवाही नहीं करने के जयपुर हाईकोर्ट ने दिए निर्देश

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर बैंच नें रजिस्ट्रड शादी के बाद पीड़िता/पत्नी द्वारा दुष्कर्म के मामले में दर्ज एफआईआर को रद्द किए जाने की मांग के एक मामले में सुनवाई करते हुए पीड़िता को नोटिस जारी करते हुए अभियुक्त/याचिकाकर्ता पर पुलिस द्वारा कोई दण्डात्मक कार्यवाही नहीं करने के निर्देश जारी किए किए है। अभियुक्त/याचिकाकर्ता के अधिवक्ता सुरेन्द्र कुमावत लाम्बा नें न्यायालय को बताया कि पीड़िता व अभियुक्त नें सहमति पूर्वक रजिस्ट्रड विवाह किया उसके पश्चात पीड़िता के परिवारजन उसे कुछ समय के लिए घर ले जाने का कहकर ले गये व वापस नहीं भेजने पर अभियुक्त द्वारा पूछने पर पीड़िता के परिवारजनों ने वापस भेजने से इन्कार कर दिया। इस पर अभियुक्त में उच्च न्यायालय जयपुर में बन्दी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर कर अपनी पत्नी को वापस भेजने की गुहार की न्यायालय द्वारा इस बन्दी प्रत्यक्षीकरण याचिका के मामले पीड़िता नें अभियुक्त पर दुष्कर्म की एफआईआर दर्ज करवा दी व बन्दी प्रत्यक्षीकरण के मामले में न्यायालय के समक्ष ब्यान दर्ज कर परिवारजनों के साथ ईच्छा जताई थी।



# जयपुर : लूट की वारदात को अंजाम देने वाले 6 इंजीनियरिंग स्टूडेंट गिरफ्तार

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** जयपुर में लूट की वारदात को अंजाम देने वाले इंजीनियरिंग के 6 स्टूडेंट को रामनगरिया थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शौक-मौज के लिए वह किडनैप कर लूट की वारदात को अंजाम देते थे। फिल्मी स्टाइल में वारदात कर लुटेरे इंजीनियरिंग स्टूडेंट फरार हो जाते थे। रामनगरिया थाना पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों की तलाश कर रही है। डीसीपी (ईस्ट) कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया- लूट के मामले में आरोपी चन्दन सैनी (20) पुत्र मुकेश कुमार सैनी निवासी सुमेर नगर मुहाना, दिपांशु यादव (21) पुत्र रामनिवास यादव निवासी तिजारा अलवर, ओमवीर पोसवाल (21) पुत्र घनश्याम गुर्जर निवासी बहरोड कोटपूतली, नितेश राव (23) पुत्र रामधन रावत निवासी बहरोड़ कोटपूतली, अजत मलिक (21) पुत्र अमित कुमार निवासी मेरठ उत्तर प्रदेश और अमित कुमार (21) पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी रेवाडी हरियाणा को अरेस्ट किया गया है। वह विभिन्न कॉलेजों से इंजीनियरिंग कर रहे है। पूछताछ में सामने आया है कि फिल्मी स्टाइल से लूट की वारदात को अंजाम दिया करते थे। दो गाड़ियों में ग्रुप के साथ पहले सुनसान इलाकों में घूमते थे। शिकार मिलने पर उसकी गाड़ी के आगे कार लगाकर रोक लेते थे। उसकी वजह से खुद की गाड़ी का एक्सीडेंट होने का बहाना बनाकर झगड़ा करते। किडनैप कर कार में डालकर मारपीट कर उसके पास मिले रुपयों को छिन लेते। ऑनलाइन बैंक अकाउंट से भी रुपए ट्रांसफर कर लूट की वारदात कर रास्ते में उतारकर फरार हो जाते। लूट के रुपयों को मौज-मस्ती और अपने शौक पूरा करने में यूज करते थे।

# जयपुर में गलत तरीके से बने घर-दुकान तोड़ेगा निगम, सर्वे कर नोटिस जारी किए जाएंगे

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** जयपुर के रामगंज इलाके में निर्माणाधीन इमारत गिरने के बाद अब नगर निगम प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। शुक्रवार को निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने निगम के सभी जोन उपायुक्त को अपने अपने क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माण का सर्वे करने के लिए कहा है। इसकी डीटेल में रिपोर्ट मांगी है। सुराणा ने कहा- हेरिटेज नगर निगम क्षेत्र में जिसने भी नियमों के विपरीत घर और दुकान निर्माण किया है। उसे नोटिस जारी किया जाएगा। इसके बाद ध्वस्त किया जाएगा। इसके साथ ही जिन लोगों ने नोटिस जारी होने के बावजूद अवैध निर्माण किया है। उनके निर्माण को भी ध्वस्त किया जाएगा। ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति बिना परमिशन नियमों के विपरीत अवैध निर्माण नहीं करें। दरअसल, शुक्रवार को नगर निगम हेरिटेज के आयुक्त अभिषेक सुराणा ने निगम अधिकारियों की रिव्यू बैठक बुलाई थी। इसमें अवैध निर्माण के साथ स्वच्छता सर्वेक्षण और नगर निगम के कामकाज को लेकर चर्चा हुई। इसमें सुराणा ने शहर में खाली प्लॉट में फैली गंदगी को लेकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा- कचरा डिपो हटाने के बाद अब शहर में कई इलाकों में खाली प्लॉट में गंदगी का अंबार लग रहा है। ऐसे में जिन भी लोगों के पिछले 5 साल या उससे ज्यादा वक्त से प्लॉट खाली हैं। उन्हें नोटिस जारी कर जल्द निर्माण करने के निर्देश दिए जाएंगे। ऐसा नहीं करने पर संबंधित विभाग को पत्र लिखकर उनके अलॉटमेंट को निरस्त करने की मांग भी की जाएगी। इस दौरान बैठक में सुराणा ने बारिश से पहले शहर में नाला सफाई करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस बार बड़े नालों की गहराई में जाकर अत्याधुनिक मशीनों से सफाई करें। बारिश के दौरान सड़कों पर पानी इकट्ठा होने से आम जनता को परेशानी ना हो। इसके साथ ही उन्होंने शहर में 172 जगह से कचरा डिपो हटाने पर नगर निगम कर्मचारियों की हौसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि अब वार्ड की एक गली को साफ और स्वच्छ बनाने वाले नगर निगम के कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

## दुकान पर टॉफी लेने गई नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी दुकानदार गिरफ्तार

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**चूरू।** रतनगढ़ थाना इलाके में करीब एक सप्ताह पहले दुकान में टॉफी लेने गई नाबालिक बच्ची के साथ छेड़छाड़ कर अश्लील हरकत करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्यवाही कर आरोपी सागर अली उर्फ असगर अली मुगल निवासी रतनगढ़ को डिटेन कर गिरफ्तार कर लिया है। एसपी जय यादव ने बताया कि 20 अप्रैल को थाना रतनगढ़ क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दी कि उसकी नाबालिग बेटी सामान लेने के लिए पास ही में दुकान पर गई थी। आरोपी दुकानदार सागर अली ने टॉफी का लालच देकर अश्लील हरकत की और किसी को नहीं बताने के लिए धमकी दी। रिपोर्ट पर आईपीसी कि संबंधित धाराओं व पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान एसएचओ दिलीप सिंह द्वारा शुरू किया गया। एसपी यादव ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार व सीओ अनिल कुमार के सुपरविजन एवं एसएचओ दिलीप सिंह के नेतृत्व में गठित की गई विशेष टीम द्वारा आसूचना एवं तकनीकी सहायता से आरोपी सागर अली उर्फ असगर अली मुगल को दस्तयाब कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

# महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बैठक में दिए मानसून पूर्व नाला सफाई कार्य पूर्ण करने के निर्देश

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने शुक्रवार को जोन एवं मुख्यालय के अधीक्षण अभियन्ता, सभी अधिशाषी अभियन्ता, उपायुक्त गैराज की मैराथन बैठक लेकर नाला सफाई एवं विकास कार्यो की समीक्षा की तथा वर्तमान में जोनवाईज चल रहे नालों के सफाई कार्यो की प्रगति भी जानी। अभी तक नगर निगम ग्रेटर में 250 नालों की सफाई कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा जिसमें से 244 नालों की सफाई कार्य प्रगतिरत है। महापौर डॉ. सौम्या ने बैठक में सभी अधिशाषी अभियन्तों को निर्देश दिये कि मानसून पूर्व नाला सफाई कार्य पूर्ण किया जाये तथा नालों की सफाई के दौरान नाले से निकले हुए मलबे को तत्काल उठवाया जाये जिससे मानसून के समय नालों से निकला हुआ मलबा पूर्ण बहकर नालों में ना जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि नाला सफाई हेतु खोले गये नालों को नाला सफाई के पश्चात् सुरक्षित रूप से ढक्कन लगाकर बंद किया जावें। जिससे मानसून के दौरान किसी भी प्रकार की कोई भी अप्रिय घटना नहीं हो पाये। इसके साथ ही उन्होंने सीवर शिकायतों का भी तत्काल निराकरण करवाने के भी निर्देश दिये। महापौर ने क्षतिग्रस्त सीवर लाईनों के नवीनीकरण करने साथ ही मैंन हॉल के ढक्कन को मरम्मत करवाने तथा मैंन हॉलों से मलबा निकलवाने के भी निर्देश दिये। महापौर ने अधिशाषी अभियन्ता विद्युत को वार्डो में पुरानी लाइटों को ठीक करवाने एवं नई लाइटों को लगाने के निर्देश दिये।

# जयपुर : श्री अन्नपूर्णा रसोईयों में किया जायेगा गीले व सूखे कचरे का सेग्रीगेशन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर द्वारा गीले व सूखे कचरे के सेग्रीगेशन के लिये निरन्तर प्रयास किये जा रहे है शुक्रवार को नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय स्थित श्री अन्नपूर्णा रसोई से इसकी शुरूआत की गई। श्री अन्नपूर्णा रसोई में गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग कर अतिरिक्त आयुक्त सीमा कुमार द्वारा हूपर में अलग-अलग डाला गया।

अतिरिक्त आयुक्त ने आमजन से अपील की कि गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग करें तथा उसकी कम्पोंस्टिग के भी आवश्यक रूप से प्रयास किये जाये। उपायुक्त स्वास्थ्य नवीन भारद्वाज ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर की सभी श्री अन्नपूर्णा रसोई में नीले व हरे रंग के डस्टबिन रखवाये गये है जिससे गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग किया जा सके तथा उन्हें पृथक-पृथक कर हूपर में डाला जाये।

## साढ़े नौ बीघा भूमि पर तीन अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-13 में निजी खातेदारी की करीब 9.5 बीघा कृषि भूमि पर 03 नवीन अवैध कॉलोनियों को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त किया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित सामरिया रोड़ जिला जयपुर में करीब 02 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''सिटी विनायक'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गयी मिट्टी-ग्रेबल सडकें, मकानों की बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जेडीए द्वारा जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम सिन्दोली जिला जयपुर में करीब 5.5 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''लक्ष्मी सिटी'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गयी मिट्टी-ग्रेबल सडकें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। इसी प्रकार जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बस्सी जिला जयपुर में करीब 02 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''बालाजी विहार'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गयी मिट्टी-ग्रेबल सडकें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

इसी प्रकार जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बस्सी जिला जयपुर में करीब 02 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''बालाजी विहार'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गयी मिट्टी-ग्रेबल सडकें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

## क्षतिग्रस्त सड़क पर 7 दिन वाहनों की आवाजाही रहेगी बंद



**जयपुर।** जयपुर के गुर्जर की थड़ी अंडरपास के नजदीक सड़क में हुए गड्ढे को ठीक होने में लगभग 7 दिन का वक्त और लगेगा। इसकी वजह से अगले 7 दिनों तक गुर्जर की थड़ी से गोपालपुरा की ओर जाने वाली सड़क को आम जनता के लिए बंद रखा जाएगा। हालांकि इस दौरान वैकल्पिक मार्ग से आम लोगों की आवाजाही जारी रहेगी। जयपुर विकास प्राधिकरण के ऋषिकेश मीणा ने बताया कि गुर्जर की थड़ी अंडरपास के पास गुरुवार को अचानक सड़क धंस गई थी। इसकी जानकारी मिलने के बाद हमारी टीम ने मौके पर पहुंची और जांच शुरू की, लेकिन अब तक वहां किसी तरह का लीकेज या खामी नहीं मिली है। षिकेश मीणा ने बताया- फिलहाल हमने क्षतिग्रस्त सड़क को दुरुस्त करने का काम शुरू कर दिया है, लेकिन गड्ढा गहरा होने की वजह से इसे ठीक होने में 7 से 8 दिन का वक्त लग सकता है।

# कड़वे हैं प्रकृति का नियम



एसकेमंगल

प्रकृति का पहला नियम यह है कि यदि खेत में बीज न डालें जाएं, तो कुदरत उसे घास-फूस से भर देती हैं। ठीक उसी तरह से दिमाग में सकारात्मक विचार न भरे जाएं, तो नकारात्मक विचार अपनी जगह बना ही लेती है। प्रकृति का दूसरा नियम है कि जिसके पास जो होता है, वह वही बांटता है। सुखी सुख बांटता है। दुःखी दुःख बांटता है। ज्ञानी ज्ञान बांटता है। भ्रमित भ्रम बांटता है। भयभीत भय बांटता हैं। प्रकृति का यह भी नियम है कि जीवन में जो भी मिले, उसे पचाना सीखो क्योंकि भोजन न पचने पर, रोग बढते है। पैसा न पचने पर, दिखावा बढता है। बात न पचने पर, चुगली बढती है। प्रशंसा न पचने पर, अंहकार बढता है। न पचने पर, दुश्मनी बढती है?। चाघार न जाने पर, खतरा बढता है। दुःख न पचने पर, निराशा बढती है। सुख न पचने पर, पाप बढता है। ध्यान रखें, ईश्वर सर्वत्र है और वह आपकी हर गतिविधि पर नजर रखता है। अमेरिका के शहर डेट्रायट में एडवर्ड नाम का लड़का रहता था। उसके पिता की मृत्यु हो गई थी। मां एंजिला लोगों के घरों में काम करके अपना और एडवर्ड का गुजारा करती थी। एडवर्ड शर्मीले स्वभाव का था। एक दिन स्कूल से लौटकर उसने मां को एक पत्र पकड़ाया और कहा, शिक्षक ने भेजा है। क्या लिखा है? चिट्ठी में लिखा सच मां छिपा गई। एंजिला ने कहा, बेटा, इसमें लिखा है कि एडवर्ड बहुत होशियार है। हमारे पास इसे पढ़ाने लायक शिक्षक नहीं हैं। इसे किसी और स्कूल में भेजें। एडवर्ड स्कूल छूटने से दुखी तो हुआ, पर उसका मन आत्मविश्वास से भर उठा। मां ने उसका दाखिला दूसरे स्कूल में करा दिया। एडवर्ड ने मेहनत से पढ़ाई की, और सफल उद्यमी बन गया। एडवर्ड की मां बीमारी के कारण एक दिन चल बसीं। एक दिन उसकी नजर एक पुरानी चिट्ठी पर पड़ी। यह वही चिट्ठी थी, जो शिक्षक ने उसे दी थी। उसमें शिक्षक ने लिखा था कि आपका बेटा पढ़ाई में कमजोर है। उसकी बुद्धि विकसित नहीं हुई है। हम इसे यहां नहीं पढ़ा सकते। तब उसे अहसास हुआ कि उसकी मां ने कैसे उसकी जिंदगी बदल दी थी। उसके मुंह से अनायास निकला, ईश्वर के होने का सबसे बड़ा प्रमाण है कि हर व्यक्ति के पास मां है।

## संपादकीय

# दिल्ली सरकार का स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में दावा हकीकत से कोसों दूर




दिल्ली सरकार की बहुप्रचारित सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की हालत ऐसी क्यों देखने में आ रही है कि किसी अस्पताल में दवाइयां नहीं हैं तो कहीं रुई जैसी बुनियादी जरूरत की चीजें भी मरीजों के तीमारदारों को बाहर से लानी पड़ रही हैं। दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार ने अपने शासन काल में स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में बड़े बदलाव करने और उससे व्यापक पैमाने पर जनता का हित सुनिश्चित करने के दावे बढ़-चढ़ कर किए हैं। मगर इन दोनों क्षेत्रों में जो तस्वीरें सार्वजनिक रूप से पेश की गई, उसकी जमीनी हकीकत वैसी ही नहीं रहीं। जहां तक स्वास्थ्य के क्षेत्र का सवाल है, अस्पतालों की दशा सुधारने से लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं तक आम लोगों की आसान पहुंच के लिहाज से 'मोहल्ला क्लीनिक' भी खोले गए। मगर व्यवहार में इसका अपेक्षित लाभ लोगों को नहीं मिल सका। इसके समांतर पिछले कुछ महीनों के दौरान दिल्ली के कुछ सरकारी अस्पतालों से जिस तरह दवाइयों और अन्य संसाधनों की कमी के कई मामले सामने आए, उससे यही पता चलता है कि एक तरह की अव्यवस्था पसर रही है, जिसका खमियाजा वहां पहुंचने वाले मरीजों को उठाना पड़ता है। गौरतलब है कि द्वारका इलाके में बुधवार को दिल्ली सरकार के इंदिरा गांधी अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजनों को रुई बाहर से खरीद कर लाने को कहा गया। यह स्थिति अपने आप में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का सच बताने के लिए काफी है।

एक उपलब्धि और 'माडल' के रूप में बहुप्रचारित सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की हालत ऐसी क्यों देखने में आ रही है कि किसी अस्पताल में दवाइयां नहीं हैं तो कहीं रुई जैसी सबसे बुनियादी जरूरत की चीजें भी मरीजों के तीमारदारों को बाहर से लानी पड़ रही हैं। कुछ समय पहले खुद उपराज्यपाल ने यहां के स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिख कर दिल्ली सरकार के कामकाज और दावों पर सवाल उठाए थे। दिल्ली के कुछ अस्पतालों में दवाइयों की कमी से जूझने की भी कई खबरें आईं। आरोप-प्रत्यारोप के बीच आखिर यह व्यवस्था सुनिश्चित करना किसकी जिम्मेदारी है कि लोग जब किसी बीमारी का इलाज कराने दिल्ली के किसी अस्पताल में पहुंचें तो वहां चिकित्सक, जरूरी दवाइयां और अन्य बुनियादी संसाधन उपलब्ध हों? सिर्फ प्रचार और दावा करने से किसी सेवा में सुधार नहीं होता, बल्कि उसके लिए वास्तव में पहल करनी पड़ती है। अगर कोई अड़चन आए, संसाधनों की कमी पैदा हो तो उसका विकल्प निकालना पड़ता है, ताकि समस्या का समाधान निकले।

# लव जिहाद : इस प्यार को क्या नाम दें, समाज भी समझे प्रेम की परिभाषा

> लव जिहाद के लिए वे अच्छे परिवारों की लड़कियों को निशाना बनाते हैं। फैयाज मेरी बेटी का मतांतरण करना चाहता था। नेहा की हत्या द केरल स्टोरी की तरह है।% मीडिया के समक्ष यह आक्रोश कर्नाटक स्थित हुबली-धारवाड़ नगर निगम में कांग्रेस के पार्षद निरंजन हिरेमथ ने प्रकट किया है। गत 18 अप्रैल को उनकी बेटी नेहा की उसके सहपाठी मोहम्मद फैयाज ने सरेआम कई बार चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। हत्याकांड कितना भयावह था, वह नेहा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट है। इसके अनुसार, फैयाज ने नेहा पर 30 सेकंड में 14 बार चाकू से वार किए थे और यहां तक कि उसका गला काटने का भी प्रयास किया था।



सभ्य समाज की जिम्मेदारी है कि वह दो वयस्कों के प्रेम-संबंध के बीच मजहब या जाति की दीवार कभी खड़ी नहीं होने दे। परंतु छल-कपट और अपनी मजहबी पहचान छिपाकर बनाया गया रिश्ता, किसी भी सूरत में प्रेम नहीं कहा जाएगा। अगर यह लव जिहाद नहीं है, तो क्या है? उसने कबूल किया कि वह मेरी बेटी से प्यार करता था और जब मेरी बेटी ने इन्कार कर दिया, तब उसने उसे मार डाला। लव जिहाद के लिए वे अच्छे परिवारों की लड़कियों को निशाना बनाते हैं। फैयाज मेरी बेटी का मतांतरण करना चाहता था। नेहा की हत्या द केरल स्टोरी की तरह है।% मीडिया के समक्ष यह आक्रोश कर्नाटक स्थित हुबली-धारवाड़ नगर निगम में कांग्रेस के पार्षद निरंजन हिरेमथ ने प्रकट किया है। गत 18 अप्रैल को उनकी बेटी नेहा की उसके सहपाठी मोहम्मद फैयाज ने सरेआम कई बार चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। हत्याकांड कितना भयावह था, वह नेहा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट है। इसके अनुसार, फैयाज ने नेहा पर 30 सेकंड में 14 बार चाकू से वार किए थे और यहां तक कि उसका गला काटने का भी प्रयास किया था। यह विडंबना है कि निरंजन हिरेमथ उस दल के सदस्य हैं, जो मुखर होकर वर्षों से %लव-जिहाद% और उस पर आधारित फिल्म द केरल स्टोरी को %इस्लामोफोबिया% से प्रेरित कल्पना और भाजपा-संघ का प्रोपेगेंडा बता रहे हैं। जब केरल स्थित कुछ चर्च संगठनों ने अपने समाज में जागरूकता फैलाने हेतु पिछले दिनों फिल्म द केरल स्टोरी को कई स्थानों पर प्रदर्शित किया और जब सार्वजनिक चैनल दूरदर्शन ने पांच अप्रैल को इस फिल्म का प्रसारण किया, तब भी वामपंथियों के साथ कांग्रेस ने इसका विरोध किया था। वही तेवर नेहा हिरेमथ हत्याकांड में दिख रहा है। हालिया दिनों में 'लव-जिहाद' की शिकार केवल नेहा ही नहीं है। इस नृशंस हत्या से स्तब्ध कर्नाटक की एक अन्य हिंदू छात्रा ने जब अपने प्रेमी आफताब के साथ संबंध तोड़े, तो इससे गुस्साए आफताब ने हमला करके उसे घायल कर दिया। पीड़िता के अनुसार, उसकी मुस्लिम सहेली ने उसे आफताब से मित्रता हेतु विवश किया था। इसके अतिरिक्त, प्रदेश के ही बेलगावी में विवाहित दलित महिला ने रफीक और उसकी बेगम पर जबरन मतांतरण करने का आरोप लगाया है। पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार, रफीक ने बहला-फुसलाकर अपनी बेगम के सामने पहले उसका बलात्कार किया, जिसकी तस्वीरें तक ली गईं। फिर उसे सिंदूर हटाने, बुर्का पहनने, नमाज अदा करने और अपने हिंदू पति को तलाक देकर इस्लाम कबूलने का दबाव बनाना और धमकाना शुरू कर दिया। शेष भारत के अलग-अलग कोनों से भी ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिन्हें %लव-जिहाद% के तौर पर परिभाषित किया जा रहा है। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में ताहेर पठान के खिलाफ अपनी मजहबी पहचान छिपाकर 27 वर्षीय हिंदू युवती को प्रेमजाल में फंसाकर यौन-उत्पीड़न करने, उसका वीडियो बनाने, जबरन गौमांस खिलाने और मतांतरण करने का मामला दर्ज हुआ है। वहीं मध्य प्रदेश के गुना में अयान पठान पर पड़ोस की एक हिंदू युवती ने प्रेम के नाम पर उसे बंधक बनाकर बलात्कार करने, बेल्ट-पाइप से बुरी तरह से पीटने, उसके जख्मों पर नमक-मिर्च डालने और चीखने से रोकने के लिए होंठों को फेवीक्विक से चिपकाने का आरोप लगाया है। अतीत में कई मुस्लिम शासकों द्वारा इस्लाम के प्रचार-प्रसार हेतु डराने-धमकाने और हिंसा के उदाहरण मिलते हैं। अब 'तकैयाह' प्रथा (पवित्र धोखा) के अंतर्गत झूठ बोलकर और छल-फरेब से मतांतरण के मामले सामने आ रहे हैं। कुछ जानकारों ने ऐसे मजहबी चक्रव्यूह, जिसमें प्रेम के नाम पर गैर-मुस्लिमों से शारीरिक संबंध बनाकर मतांतरण का दबाव डाला जाता है, को सार्वजनिक विमर्श में %लव-जिहाद% का नाम दिया है। यह शब्दावली विरोधाभासी है। इसमें प्रेम नहीं, अपितु इस्लाम का प्रसार करने की प्रतिबद्धता है, जिसमें %सवाब% मिलने की अवधारणा है। शायद इसलिए कई बार %लव-जिहाद% के मामलों में आरोपी या दोषी को पूरा समर्थन तक हासिल हो जाता है। 'लव-जिहाद' संज्ञा भले ही नई हो, परंतु हिंदू-ईसाई समाज कई दशकों से इस पर अपनी चिंता प्रकट कर रहे हैं। एक अमेरिकी ईसाई मिशनरी क्लिफर्ड मैनशार्ट ने 1936 में लंदन से प्रकाशित अपनी पुस्तक द हिंदू-मुस्लिम प्रॉब्लम इन इंडिया के पृष्ठ 48 पर हिंदू महिलाओं को चुराने और बहकाने की कोशिशों का उल्लेख किया है। गत वर्ष ब्रिटेन की तत्कालीन गृहमंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने कहा था– %पाकिस्तानी मूल के मुसलमान श्वेत ब्रितानी लड़कियों से उनकी मुश्किल परिस्थितियों के दौरान बलात्कार करते है और ड्रग्स देते हैं।% रॉचडेल (2008-12) और रॉदरहैम (1970-2014) में गैर-मुस्लिम युवतियों (अधिकांश ईसाई और नाबालिग) के भयावह यौन उत्पीड़न–इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं, जिसमें पाकिस्तान और अफगान मूल के कई नागरिक दोषी पाए गए थे। कुछ वर्ष पहले ब्रिटेन स्थित एक सिख संगठन ने भी दावा किया था कि वर्ष 1960 से स्थानीय हिंदू-सिख युवतियों का मुस्लिम युवकों द्वारा यौन-शोषण हो रहा है। तब इस मामले को ब्रिटेन में लेबर पार्टी की सांसद सारहा चैंपियन ने भी जोर-शोर से उठाया था। आखिर यह कैसी मानसिकता है? डेमोग्राफिक इस्लामिजेशन ¬ नॉन-मुस्लिम्स इन मुस्लिम कंट्री नामक दस्तावेज में फ्रांसीसी समाजशास्त्री और यूरोपीय विश्वविद्यालय में प्रवासन नीति केंद्र के निदेशक फिलिप फर्ग्यूस कहते हैं, %प्रेम अब सतत इस्लामीकरण की प्रक्रिया में वही भूमिका निभा रहा है, जो अतीत में बलपूर्वक किया जाता था।% ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में इस्लामी इतिहासकार क्रिश्चियन सी. साहनर ने अपनी पुस्तक क्रिश्चियन मार्ट्यर्स अंडर इस्लाम¬ रिलीजियस वॉयलेंस ऐंड मेकिंग ऑफ द मुस्लिम वर्ल्ड में लिखा है, %इस्लाम शयन कक्ष के माध्यम से ईसाई दुनिया में फैला। निस्संदेह, सभ्य समाज की जिम्मेदारी है कि वह दो वयस्कों के प्रेम-संबंध के बीच मजहब या जाति की दीवार कभी खड़ी नहीं होने दे। परंतु छल-कपट और अपनी मजहबी पहचान छिपाकर बनाया गया रिश्ता, किसी भी सूरत में प्रेम नहीं कहा जाएगा। कोई आश्चर्य नहीं कि अपने अभियान में विफल होने या उसका भंडाफोड़ होने पर कथित 'प्रेमी' हिंसक हो जाते हैं और अपनी 'प्रेमिका/पत्नी' की हत्या करने में संकोच भी नहीं करते हैं।

# समस्या : शहर-शहर कचरे के पहाड़, बड़ी चुनौती है कूड़ा-करकट का प्रबंधन

कचरे के पहाड़ की समस्या सिर्फ राजधानी दिल्ली या मुंबई महानगर तक सीमित नहीं है, बल्कि अब तो गुरुग्राम ने भी इस सूची में अपना नाम दर्ज करा लिया है। यहां बंधवाड़ी लैंडफिल साइट पर रोजाना फरीदाबाद और गुरुग्राम का 2,300 टन कचरा पहुंच रहा है और अक्सर आग लगने की घटनाएं होती हैं। दिल्ली में गाजीपुर लैंडफिल स्थित कचरे के पहाड़ में लगी आग फिलहाल बुझा दी गई है, लेकिन आग से उठे धुंए ने आसपास के इलाके के लोगों की सांस अटका रखी है। लोग आंखों में जलन व सांस लेने में दिक्कत महसूस कर रहे हैं। इस कचरे के पहाड़ की दुर्गंध तो बरसों से उनकी नियति बन चुकी है। इलाके के दिल के कुछ मरीज परेशानी के चलते घर छोड़ रिश्तेदारों के यहां चले गए हैं। मौजूदा चुनावी माहौल में राजधानी दिल्ली के कूड़े के पहाड़ का मसला चर्चा का विषय बना हुआ है। अभी तक आग के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस और एफएसएल की टीमें जांच में जुटी हैं, लेकिन लैंडफिल साइट के प्रबंधन को लेकर दिल्ली नगर निगम की नीति पर लोगों ने सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि कचरे के पहाड़ में आग लगने की घटना कोई नई बात नहीं है, लेकिन इसे नियंत्रित करने के लिए कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। पिछले बीस वर्षों से कूड़े के पहाड़ को खत्म करने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं होती है। कचरे के पहाड़ की समस्या सिर्फ राजधानी दिल्ली या मुंबई महानगर तक सीमित नहीं है, बल्कि अब तो गुरुग्राम ने भी इस सूची में अपना नाम दर्ज करा लिया है। यहां बंधवाड़ी लैंडफिल साइट पर रोजाना फरीदाबाद और गुरुग्राम का 2,300 टन कचरा पहुंच रहा है और अक्सर आग लगने की घटनाएं होती हैं। यहां फिलहाल तकरीबन 16 लाख टन कूडा पड़ा है। बीते 24 दिनों में यहां 13 बार आग लगने की घटनाएं हुई हैं। लैंडफिल साइट के पास लोगों का रहना काफी मुश्किल होता जा रहा है, लेकिन लोग खून-पसीने की कमाई से अर्जित मकान छोड़ नहीं पा रहे हैं। यहां रहने वाले लोग बरसों से दिल, सांस, गले में खराश, दिमाग में सूजन आदि विभिन्न रोगों के चंगुल में हैं। खासतौर पर बच्चों, गर्भवती महिलाओं, हृदय और सांस के रोगियों के लिए यह स्थिति जानलेवा है। दिल्ली में कचरे के पहाड़ में लगी आग से शहर में घुल रहे धुंए पर न केवल उपराज्यपाल, बल्कि दिल्ली के पर्यावरण मंत्री और सुप्रीम कोर्ट तक ने संज्ञान लेते हुए निगमायुक्त, प्रमुख सचिव व दिल्ली सरकार से जबाव मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि यह आश्चर्यजनक है कि राजधानी में प्रतिदिन निकलने वाले 11,000 टन ठोस कचरे में से



3,000 टन का उचित तरीके से निपटान नहीं किया जाता है। हैरानी की बात है कि ठोस कचरा प्रबंधन नियम 2016 को लागू हुए आठ साल हो गए हैं, लेकिन दिल्ली में इसका कोई पालन नहीं हो रहा है। नतीजतन कचरे का पहाड़ दिन-ब-दिन बढ़ता ही जाता है। पूरे देश में हर साल 277 अरब किलो कचरा निकलता है, यानी प्रति व्यक्ति करीब 205 किलो कचरा निकलता है। इसमें से केवल 70 फीसदी ही इकट्ठा किया जाता है। बाकी जमीन और पानी में फैला रहता है। इकट्ठा किए गए कचरे में से आधा या तो खुले में फेंक दिया जाता है या उसे जमीन में दबा दिया जाता है। औद्योगिक कचरे के निपटान की जिम्मेदारी उद्योगों पर और घरों से निकले कचरे के निपटान की जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होती है। देश में कुल कचरे में से सिर्फ पांचवें हिस्से की रिसाइक्लिंग हो पाती है। खुले में फेंके कचरे में भारी मात्रा में निकल, जिंक, आर्सेनिक, कांच, क्रोमियम और दूसरी जहरीली धातुएं होती हैं, जो पर्यावरण और लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे की वजह होती हैं। देश में सालाना जितनी जहरीली मीथेन उत्सर्जित होती है, उसमें से 20 फीसदी सिर्फ इन कचरे के ढेरों से निकलती है। अब छोटे शहर-कस्बों में भी में कचरे के लैंडफिलों की तादाद तेजी से बढ़ रही है। आने वाले दिनों में विकास की रफ्तार और बढ़ेगी, ऐसे में कई गुना कचरा बढ़ेगा।

हमारे देश में अहमदाबाद, सूरत, नवी मुंबई, मैसूर और इंदौर ने कचरा संग्रह और उसके निपटान व स्वच्छता में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है, जिनसे कुछ सीख ली जा सकती है। कचरा प्रबंधन के मामले में हम दूसरे देशों से बहुत पीछे हैं। विश्व बैंक के अनुसार, 2030 तक भारत में हर साल निकलने वाला कचरा 388 अरब किलो हो जाएगा। इसलिए जरूरी है कि लोगों को घरों में ही अलग-अलग डस्टबिन में कचरा रखने के लिए जागरूक किया जाए, ताकि उसे रिसाइकल करने में आसानी हो। वैसे स्वच्छ भारत अभियान से स्थिति थोड़ी सुधरी जरूर है, पर अभी काफी कुछ करना बाकी है।

# विकास के दावों के बीच भूख की त्रासदी झेलने के लिए लोग मजबूर

> यह अफसोसनाक हकीकत एक तरह से विकास के दावों के सामने आईना है, जो इस बात पर विचार करने जरूरत को रेखांकित करता है कि इसकी दिशा क्या है और आखिर यह किसके लिए है। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र ने बुधवार को 'ग्लोबल रिपोर्ट आन फूड क्राइसिस' यानी खाद्य संकट पर वैश्विक रिपोर्ट में यह खुलासा किया कि विश्व के उनसठ देशों के लगभग 28.2 करोड़ लोग सन 2023 में भूख से तड़पने को लाचार हुए। भूख का सामना करने वाले लोगों की तादाद 2022 के मुकाबले 2.4 करोड़ ज्यादा रही।रिपोर्ट के मुताबिक, भूखे रहने वालों में बच्चे और महिलाएं सबसे ज्यादा हैं।

संयुक्त राष्ट्र ने बुधवार को 'ग्लोबल रिपोर्ट आन फूड क्राइसिस' यानी खाद्य संकट पर वैश्विक रिपोर्ट में यह खुलासा किया कि विश्व के उनसठ देशों के लगभग 28.2 करोड़ लोग सन 2023 में भूख से तड़पने को लाचार हुए। यह अपने आप में एक बड़ा विरोधाभास है कि जिस दौर में दुनिया भर में अर्थव्यवस्था के चमकते आंकड़ों के जरिए लगातार विकास का हवाला दिया जाता है, उसमें करोड़ों लोगों को पेट भरने के लिए खाना तक नहीं मिलता है। यह अफसोसनाक हकीकत एक तरह से विकास के दावों के सामने आईना है, जो इस बात पर विचार करने जरूरत को रेखांकित करता है कि इसकी दिशा क्या है और आखिर यह किसके लिए है। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र ने बुधवार को 'ग्लोबल रिपोर्ट आन फूड क्राइसिस' यानी खाद्य संकट पर वैश्विक रिपोर्ट में यह खुलासा किया कि विश्व के उनसठ देशों के लगभग 28.2 करोड़ लोग सन 2023 में भूख से तड़पने को लाचार हुए। भूख का सामना करने वाले लोगों की तादाद 2022 के मुकाबले 2.4 करोड़ ज्यादा रही।रिपोर्ट के मुताबिक, भूखे रहने वालों में बच्चे और महिलाएं सबसे ज्यादा हैं। इसके अलावा, बत्तीस देशों में पांच वर्ष से कम उम्र के 3.6 करोड़ अधिक बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित हैं। साथ ही युद्ध और अन्य प्राकृतिक आपदाओं की वजह से बढ़ते विस्थापन के बीच पिछले वर्ष कुपोषण की समस्या और ज्यादा गहरी हो गई। सवाल है कि दुनिया भर में और खासतौर पर अंतरराष्ट्रीय संगठनों में अगर भूख सहित कई बड़ी समस्याओं से लड़ने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी की बात की जाती है तो इस त्रासदी के लिए किसे जवाबदेह ठहराया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में यह बताया गया है कि बीस देशों में भूख की मुख्य वजह वहां चल रहे हिंसक संघर्ष थे। दूसरा बड़ा कारण यह था कि बढ़ते तापमान या मौसम से संबंधित आपदाओं, कीटों के हमले और महामारी के बीच करीब सात करोड़ सत्तर लाख से ज्यादा लोगों को उच्च स्तर की गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना करना पड़ा। इसी तरह, खाने-पीने की चीजों की महंगाई, आयातित खाद्य वस्तुओं पर निर्भरता, उच्च ऋण स्तर आदि वजहों से भी लोगों को भूख की समस्या से रूबरू होना पड़ा। सवाल है कि संयुक्त राष्ट्र की ओर से या वैश्विक स्तर पर भुखमरी के लिए जिन कारणों को चिह्नित किया गया है, उसका हल निकालने की कोशिश किसे करनी है और वह कब होगा! यह एक जगजाहिर तथ्य है कि संयुक्त राष्ट्र या फिर अन्य संस्थाओं की ओर से विश्व भर में भूख के संकट पर अक्सर अध्ययन रपटें जारी की जाती हैं। उसमें कारण भी बताए जाते हैं। मगर उन्हें दूर करने को लेकर बात औपचारिकताओं से आगे नहीं बढ़ पाती। अन्यथा क्या वजह है कि वर्षों से भुखमरी के हालात कायम रहने के बावजूद इस दिशा में अब तक कोई ठोस हल सामने नहीं आ सका है। उल्टे आर्थिक और सामरिक स्तर पर दुनिया के ताकतवर देश भुखमरी की त्रासदी की ओर ध्यान दिलाए जाने पर भी उसके समाधान को लेकर शायद ही कोई रुचि दिखाते हैं। गरीबी, जलवायु परिवर्तन आदि से उपजी समस्याओं से अगर कोई देश ज्यादा प्रभावित होता है तो सक्षम देश उनकी मदद के लिए क्या करते हैं? संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि युद्धग्रस्त गाजा में सबसे ज्यादा लोगों ने अकाल की गंभीर स्थिति का सामना किया। सवाल है कि संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्था के होते हुए भी युद्धग्रस्त इलाकों में ऐसे हालात कैसे लंबे समय तक बने रहते हैं और युद्ध को खत्म कराने के प्रयास महज दिखावे के क्यों साबित होते हैं कि लोगों के सामने भूख से तड़पने की नौबत आती है!

# किताब सिखाती है जीवन जीने की कला

> किताबें और पंछी को बाहर की दुनिया में लाकर देखा जाए तो दोनों हमारी संकीर्णताओं को अपने-अपने ढंग से मिटाने की क्षमता रखती हैं। एक ज्ञान तो दूसरा स्वच्छंदता का प्रतीक है। दोनों जब तक कैद हैं, तब तक हम चाहकर भी अपनी संकीर्णताओं से मुक्त नहीं हो सकते हैं। किताबों की दुनिया बहुत विस्तृत और गहन है। इनके द्वारा हमें ज्ञान, अनुभव और जीवन के विभिन्न पहलुओं के बारे में सीखने का अवसर मिलता है। इनकी सहायता से हम प्राचीन धर्म, विज्ञान, तकनीक, इतिहास, सामाजिक विज्ञान, कला, साहित्य आदि के बारे में जान सकते हैं।

दिमाग में उमड़ते-घुमड़ते विचारों को, मन के भावों को शब्दों में बांध कर पृष्ठ पर उतार देना कोई जादू या छूमंतर जैसा खेल नहीं है कि किसी ने छू भर दिया और सब हो गया। लेखन श्रम और लगन मांगता है। ध्यान और समय मांगता है। सरोकार वास्तविक नहीं हो तो लिखना बेमानी हो जाता है। किताबों की शीशे वाली अलमारी दिखने में बहुत सुंदर लगती है। ठीक उसी तरह, जिस तरह कोई रंग-बिरंगी पंछी पिंजरे के भीतर हो। किताबें और पंछी को बाहर की दुनिया में लाकर देखा जाए तो दोनों हमारी संकीर्णताओं को अपने-अपने ढंग से मिटाने की क्षमता रखती हैं। एक ज्ञान तो दूसरा स्वच्छंदता का प्रतीक है। दोनों जब तक कैद हैं, तब तक हम चाहकर भी अपनी संकीर्णताओं से मुक्त नहीं हो सकते हैं। किताबों की दुनिया बहुत विस्तृत और गहन है। इनके द्वारा हमें ज्ञान, अनुभव और जीवन के विभिन्न पहलुओं के बारे में सीखने का अवसर मिलता है। इनकी सहायता से हम प्राचीन धर्म, विज्ञान, तकनीक, इतिहास, सामाजिक विज्ञान, कला, साहित्य आदि के बारे में जान सकते हैं। इनका संसार बड़ा रोचक, मोहक और ज्ञानवर्धक है। जिंदगी 'पट्टी पूजन' से शुरू होती है और पूरी जीवन यात्रा में किताबें हमारा पाथेय बनी रहती हैं। किताबें ज्ञान का कोश हैं और अनुभवजनित ज्ञान का भंडार हैं। यह जहां-तहां दुकानों, पुस्तकालयों, किताब मेलों आदि में सजती हैं। कुछ स्थानों पर लोकार्पित और विमोचित होती हैं, लेखकों से संवाद होता है। किताबें देखी जाने के साथ साथ खरीदी जाकर पुस्तकालयों और किताब प्रेमियों के घरों में विराजती हैं। कुछ यदा-कदा बांच ली जाती हैं, कुछ के पन्ने पलट लिए जाते हैं। कुछ की अनुक्रमणिका देखकर ही किताब का जायजा ले लिया जाता है। कुछ जरूरत पड़ने पर संदर्भ के लिए संभाल कर रख दी जाती हैं और कुछ को सजा कर रख दिया जाता है। व्यक्तिगत पुस्तकालयों में कुछ पुस्तकों का भाग्य इतना बुलंद होता है कि उन्हें कई बार अक्षर-अक्षर इस तरह पढ़ लिया जाता है कि पूरी किताब पृष्ठ संख्या और अनुच्छेद के संदर्भ के साथ दिमाग में अंकित हो जाती है और कुछ अलमारियों में ऐसी कैद कर दी जाती हैं कि उनके अक्षरों को दीमक ही चाट जाती हैं। किताब प्रेमी भी कई तरह के होते हैं। उनमें विद्यार्थी हैं। ये लोग आमतौर पर अध्ययन और पढ़ाई में रुचि रखते हैं और किताबों के माध्यम से अपने ज्ञान और सूक्ष्म विचारधारा को बढ़ाना पसंद करते हैं। दूसरे होते हैं साहित्य प्रेमी। ये लोग साहित्यिक उत्पादों के प्रेमी होते हैं जैसे कि कहानियां, कविताएं, नाटक आदि। वे अपने बुद्धि, समझ और भावुकता के अंतर्गत साहित्य को समझते हैं और उससे प्रभावित होते हैं। तीसरे होते हैं इतिहास प्रेमी। ये लोग इतिहास और संस्कृति से जुड़ी किताबों के प्रेमी होते हैं। वे किताबों का अध्ययन करते हैं और उनके माध्यम से अपनी जानकारी को बढ़ाते हैं। चौथे होते हैं विज्ञान प्रेमी, जो वैज्ञानिक उत्पादों, अनुसंधान और नवीनतम विकासों से जुड़ी किताबों के प्रेमी होते हैं। वे उन्हें पढ़ते हैं और उनसे नए विचारों का निर्माण करते हैं। धर्म प्रेमी लोग धर्म से संबंधित किताबों का अध्ययन करने में रुचि रखते हैं। इस तरह किताब प्रेमियों के वर्ग अनंत हैं। मगर कुछ वर्ग ऐसे होते हैं जिनमें एक को खरीदने का और अलमारी में सजाने का खूब शौक होता है। कुछ तो बैठक में ही उन्हें सजा देते हैं और कमरे की शोभा बना देते हैं कि मेल-मिलापियों पर उनका अच्छा असर पड़े कि अमुक बेहद पढ़ाकू है। कुछ लोग पुस्तकों के इतने प्रेमी होते हैं जो किताबों का अक्षर-अक्षर जब तक नहीं पढ़ लेते हैं, तब तक बेचैन रहते हैं। कुछ पढ़ कर समझने और उनका जीवन में प्रयोग करने के पक्षधर हैं तो कुछ दूसरों को बांच-बांच कर सुनाते रहते हैं। इसी तरह कुछ लोग किताबों से रट कर परीक्षा में लिख आते हैं, परीक्षा पास कर लेते हैं और बाद में सब भुला दिया जाता है। कुछ पाठक हैं तो कुछ पाठकों की सुविधा, रुचि और अपने अनुभवों का पिटारा सब तक पहुंचाने के लिए लगातार खुद को लिख-लिख कर अभिव्यक्त करते रहते हैं। दरअसल, किताबें हमें जीवन जीने का मार्ग दिखाती हैं, हमारी मित्र हैं, सही गलत का बोध कराती हैं, अद्यतन सूचना से लैस करती हैं। ये लेखक के संचित अनुभवों का भंडार हैं। ये केवल शब्दों की बाजीगरी या जादूगरी नहीं हैं, बल्कि कितना-कितना सोचा समझा जाता है, तब जाकर शब्द वाक्य में, वाक्य अनुच्छेद में, अनुच्छेद पृष्ठों में, पृष्ठ अध्यायों में बदल कर किताब रूप में सजते हैं।





# गुकेश ने खेलने के लिए नियमित पढ़ाई छोड़ी, लोन लिया

**नई दिल्ली।** भारत के 17 साल के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने इसी सप्ताह टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया। वे वर्ल्ड खिताब के लिए सबसे कम उम्र में चुनौती देने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। पांच बार के वर्ल्ड चैम्पियन नार्वे केमैग्नस कार्लसन ने इस टूर्नामेंट से पहले कहा था कि भारतीय खिलाड़ी किसी भी सूरत में इस बार कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट नहीं जीत पाएंगे। खासकर डी गुकेश को तगड़ी हार मिलेगी क्योंकि उनके विरोधी बहुत मजबूत हैं, लेकिन 17 साल के इस युवा चैम्पियन ने न केवल मैग्नस को गलत साबित किया बल्कि अब वर्ल्ड चैम्पियन बनने के भी सबसे युवा दावेदार बन गए हैं। वर्ल्ड चैम्पियनशिप के लिए गुकेश का मुकाबला अब चीन के डिंग लिरेन से होगा।

गुकेश को इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए उनके माता-पिता को भी काफी त्याग करने पड़े। जब गुकेश ने शतरंज में बेहतर करना शुरू किया तो पेशे से डॉक्टर पिता को नौकरी छोड़नी पड़ी। दरअसल विदेश में टूर्नामेंट होने के कारण वे मरीजों को समय नहीं दे पाते थे, ऐसे में उन्होंने अपना क्लीनिक बंद कर दिया। इसका नुकसान यह हुआ कि उनकी आय सीमित हो गई। गुकेश के टूर्नामेंट और परिवार के खर्च का बोझ मां पद्मा पर आ गया। उस समय गुकेश को प्रायोजक नहीं मिल रहे थे जबकि विदेश में टूर्नामेंट खेलने का खर्च बहुत अधिक था। ऐसे में कई बार टूर्नामेंट में शामिल होने के लिए उन्हें लोन तक लेने पड़े।

उनके पिता रजनीकांत विदेशी टूर्नामेंट का एक किस्सा सुनाते हैं। 2021 में जब वे गुकेश को यूरोप लेकर गए तब उन्हें भारत वापस आने में लगभग 4 महीने लग गए। दरअसल गुकेश ने इस दौरान 13 से 14 टूर्नामेंट खेले। उन्हें तीन बार फ्लाइट छोड़नी पड़ी। गुकेश को चेस के अलावा क्रिकेट, बैडमिंटन जैसे खेल भी पसंदहै। उन्हें खाने का बेहद शौक है।

**12 की उम्र में बने दुनिया के दूसरे सबसे युवा ग्रैंड मास्टर**

डी गुकेश ने 7 साल की उम्र से शतरंज खेलना शुरू कर दिया था। 2015 में उन्होंने अंडर-9 एशियन स्कूल चेस चैम्पियनशिप जीती। इसके बाद 2018 में अंडर-12 कैटेगरी में वर्ल्ड यूथ चैम्पियनशिप का खिताब जीता। 2017 में उन्होंने 34वें कैप्पेल-ला-ग्रांडे-ओपन में इंटरनेशनल मास्टर बनने के मानकों को पूरा कर लिया। इसके बाद 15 जनवरी 2019 को 12 साल 7 महीने और 17 दिन की उम्र में दुनिया के दूसरे सबसे युवा ग्रैंड मास्टर बन गए। हालांकि उनका यह रिकॉर्ड अमेरिकी ग्रैंड मास्टर अभिमन्यु मिश्रा ने तोड़ दिया। वे 12 साल 4 महीने में ग्रैंड मास्टर बने। गुकेश अब दुनिया के तीसरे सबसे युवा ग्रैंड मास्टर हैं। दूसरे नंबर पर रूस के सर्गेई कारजाकिन हैं जो 12 साल 7 महीने में ग्रैंड मास्टरबने थे। गुकेश कैंडिडेट्स चैम्पियनशिप जीतने वाले अब दुनिया के सबसे युवा खिलाड़ी बने हैं।

**7 साल की उम्र में खेलना शुरू किया था शतरंज**

गुकेश का पूरा नाम डोमाराजू गुकेश है। उनका जन्म चेन्नई में रजनीकांत और पद्मा के घर हुआ था।

# मध्यक्रम में विस्फोटक बल्लेबाजों का होना किसी भी टीम के लिए फायदेमंद है - युवराज सिंह

**नई दिल्ली।** भारत को 2007 टी20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप जिताने वाले युवराज सिंह अंतर्राष्ट्रीय मैचों पर हमेशा नजर रखते हैं। इसके बाद उन्होंने आईसीसी के साथ मीटिंग कर इस साल के आयोजन से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने साथ ही यह भी बताया कि भारत को दूसरी बार प्रतिष्ठित टी20 विश्व कप ट्रॉफी उठाने के लिए क्या करने की जरूरत है। उन्होंने शिवम दुबे को टी20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया की प्लेइंग-11 में शामिल करने की बात कही है। साथ ही रोहित शर्मा और विराट कोहली के भविष्य पर भी चर्चा की।



युवराज ने कहा कि उन्हें भारत के मध्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा विस्फोटक बल्लेबाजों को खेलते देखना है। उन्होंने कहा कि मध्यक्रम में विस्फोटक बल्लेबाजों का होना किसी भी टीम के लिए फायदेमंद है। युवी ने कहा कि आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय चयनकर्ताओं को चेन्नई सुपर किंग्स के बाएं हाथ के बल्लेबाज शिवम दुबे को टीम में शामिल करना चाहिए और वह उन्हें प्लेइंग-11 में भी खेलते देखना चाहते हैं।

युवी ने कहा, मैं शिवम दुबे को टीम में देखना चाहूंगा। वह भारतीय टीम में अंदर-बाहर होते रहे हैं, लेकिन इस आईपीएल में वह काफी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं और वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो मैच का रुख किसी भी वक्त बदल सकते हैं। कई अन्य खिलाड़ी हैं जो पिछले कुछ समय से अच्छा खेल रहे हैं, लेकिन मैं शिवम दुबे को टीम में देखना चाहूंगा।

**रोहित और विराट पर युवराज का बयान**

युवराज को पता है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली इस साल टी20 विश्व कप में भारत के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं। हालांकि, उन्होंने इस बात पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि इन दोनों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से कब संन्यास लेना चाहिए। युवराज ने सुझाव दिया कि रोहित और कोहली को टी20 विश्व कप के बाद इस प्रारूप में न खेलने पर विचार करना चाहिए और अन्य प्रारूपों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

युवराज ने कहा, जैसे-जैसे आपकी उम्र बढ़ती है लोग आपकी उम्र के बारे में बात करना शुरू कर देते हैं और आपके फॉर्म को भूल जाते हैं। रोहित और विराट भारत के लिए शानदार रहे हैं



# इंडोनेशिया की रोहमालिया ने टी-20 इंटरनेशनल में रिकॉर्ड बनाया डेब्यू मैच में 0 पर 7 विकेट लिये

**नई दिल्ली।** इंडोनेशिया की ऑफ स्पिनर रोहमालिया ने टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट (मेंस और विमेंस) में नया रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने बुधवार को डेब्यू मैच में बिना कोई रन दिए 7 विकेट लिए।

बाली में खेले गए मंगोलिया के खिलाफ सीरीज के पांचवें मैच में रोहमालिया ने 20 गेंदें फेंकी, सभी डॉट रहीं, और उन्होंने 7 विकेट लिए। छह मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला 25 अप्रैल को खेला गया। बुधवार को खेले गए सीरीज के पांचवें टी-20 मैच में इंडोनेशिया ने 151 रन बनाए और बदले में मंगोलिया को 24 रन पर आउट कर दिया। इसके बाद सीरीज का छठा मैच गुरुवार को खेला गया। इंडोनेशिया ने यह सीरीज 6-0 से जीती।अर्जेंटीना की एलिसन स्टॉक्स (3 रन पर 7 विकेट) और नीदरलैंड की फ्रेडरिक ओवरडिज्क (3 रन पर 7 विकेट) के बाद रोहमालिया महिला टी-20 में सात विकेट लेने वाली तीसरी गेंदबाज हैं।

**मेंस में बेस्ट बॉलिंग फिगर मलेशिया के इद्रस के नाम**

मेंस की टी-20 इंटरनेशनल में बेस्ट गेंदबाजी का आंकड़ा मलेशिया के सयाजरुल एजात इद्रस के नाम हैं, जिन्होंने पिछले साल चीन के खिलाफ 8 रन देकर 7 विकेट लिए थे। यह मैच कुआलालम्पुर में 26 जुलाई 2023 को खेला गया। सयाजरुल की गेंदबाजी की वजह से चीन की टीम महज 11.2 ओवर्स में 23 रनों पर आउट हो गई।

# न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 में पाकिस्तान को हराया, 4 रन से मुकाबला जीतकर सीरीज में 2-1 की बढ़त बनाई

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 मुकाबले में गुरुवार को पाकिस्तान को 4 रन से हराया। इस जीत के बाद न्यूजीलैंड पांच मैचों की टी-20 सीरीज में 2-1 से आगे हो गई है। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला लिया।

पहले बैटिंग करते हुए न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 178 रन बनाए। जवाब में पाक टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 174 रन ही बना पाई। न्यूजीलैंड के लिए ओपनर टिम रॉबिन्सन (51) ने अर्धशतक लगाया। राइट आर्म पेसर विलियम ओ रूर्के ने तीन विकेट लिए। ओ रूर्के को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 7 विकेट पर 178 रन बनाए। न्यूजीलैंड की ओर से इसी सीरीज में डेब्यू करने वाले टिम रॉबिन्सन ने 36 गेंदों पर 51 रन बनाए। उनके अलावा डीन फॉक्सक्रॉफ्ट 26 गेंदों पर 34 और टॉम ब्लंडल ने 15 गेंदों पर 28 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से अब्बास अफरीदी ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए।

**जमान का अर्धशतक पाक के काम न आया**

179 रन के टारगेट का पीछा कर रहे पाकिस्तान ने पावरप्ले के अंदर ही अपने 3 विकेट खो दिए। फखर जमान ने 61 रन की पारी खेली, लेकिन वे टीम को जीत दिलाने में नाकाम रहे। न्यूजीलैंड की ओर से विलियम ओ रूर्के ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। बेन सियर्स ने दो विकेट झटके। कप्तान माइकल ब्रेसवेल और जेम्स नीशम को एक-एक विकेट मिला।

अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया का सिलेक्शन 1 मई से पहले होना है। बीसीसीआई ने पहले ही इस टूर्नामेंट के लिए रोहित शर्मा को कप्तान और हार्दिक पंड्या को उप कप्तान घोषित कर दिया है। अब बाकी 13 खिलाड़ियों के नाम की घोषणा होनी है।

# जिम्बाब्वे के पूर्व क्रिकेटर व्हिटल पर तेंदुए ने हमला किया, हॉस्पिटल में भर्ती, सर्जरी हुई



**नई दिल्ली।** जिम्बाब्वे के पूर्व क्रिकेटर गाय व्हिटल तेंदुए के हमले के बाद तेंदुए के हमले के बाद घायल हो गए। व्हिटल पर यह हमला जिम्बाब्वे के बफेलो रेंज में हुआ। जहां से उन्हें फ्लाइट से हरारे ले जाना पड़ा और उनकी हरारे में इमजेंसी सर्जरी हुई। यह जानकारी व्हिटाल की पत्नी हन्ना स्टूक्स व्हिटाल ने सोमवार को सोशल मीडिया के जरिए दी। स्टूक्स ने गाय व्हिटल की एक फोटो पोस्ट किया और मेडिकल स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उनका इलाज किया। स्टूक्स ने यह भी बताया कि हमले के दौरान व्हिटाल का काफी में खून बह गया था।

# सेंसेक्स 609 अंक की गिरावट के साथ 73,730 पर बंद, निफ्टी भी 150 अंक गिरा

**नई दिल्ली।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन आज यानी 26 अप्रैल को शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 609 अंक की गिरावट के साथ 73,730 के स्तर पर बंद हुआ।

वहीं निफ्टी में भी 150 अंक की गिरावट देखने को मिली, ये 22,419 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 में गिरावट और 7 में तेजी देखने को मिली।



टेक महिंद्रा के शेयर में 7.55त्न की तेजी देखने को मिली। दिनभर कारोबार करने के बाद कंपनी का शेयर 89 अंक की तेजी के साथ 1,280 के स्तर पर बंद हुआ। दरअसल, टेक महिंद्रा ने बीते दिन 25 अप्रैल को QyFY24 यानी फाइनेंशियल ईयर 2024 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी किए थे।

जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट, यानी शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 41 प्रतिशत गिरकर 661 करोड़ रहा। वहीं पिछली तिमाही में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 510 करोड़ रहा था। यानी तिमाही आधार (त्तश्नक्त) पर कंपनी का नेट प्रॉफिट 29.5 प्रतिशत बढ़ा है।

**वेदांता के शेयर में 4.19 प्रतिशत की तेजी रही**

चौथी तिमाही के नतीजे के बाद वेदांता के शेयर में 4.19 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली। माइनिंग कंपनी वेदांता लिमिटेड ने बीते दिन गुरुवार को QyFYwy यानी वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी किए थे। जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट, यानी शुद्ध-मुनाफा सालाना आधार पर 27.4 प्रतिशत घटकर 2,273 करोड़ रहा।

पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 3,132 करोड़ रहा था। वहीं पिछली तिमाही में यह 2,868 करोड़ रहा था। यानी तिमाही आधार पर कंपनी का नेट प्रॉफिट चौथी तिमाही में 20.47 प्रतिशत घटा है। इससे पहले कल यानी 25 अप्रैल को शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली थी। सेंसेक्स 486 अंक की तेजी के साथ 74,339 के स्तर पर बंद हुआ था।

वहीं निफ्टी में भी 167 अंक की तेजी रही, ये 22,570 के स्तर पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 में तेजी और 8 में गिरावट देखने को मिली थी।

# इंडिगो ने 30 एयरबस ए 350-900 एयरक्राफ्ट का ऑर्डर दिया, वाइड-बॉडी एयरक्रॉफ्ट सेगमेंट में एंट्री करेगी एयरलाइन

**नई दिल्ली।** इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड यानी इंडिगो ने 30 एयरबस ,350-900 एयरक्राफ्ट खरीदने के लिए ऑर्डर दिया है। इसके जरिए बजट एयरलाइन इंडिगो वाइड-बॉडी एयरक्रॉफ्ट सेगमेंट में एंट्री करेगी। आज यानी 25 अप्रैल को कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में यह जानकारी दी है।

एयरलाइन ने बताया कि इन विमानों में रोल्स रॉयस के ट्रेंट XWB इंजन लगे हैं। इंडिगो को उम्मीद है कि इन वाइड-बॉडी एयरक्रॉफ्ट की डिलीवरी 2027 से शुरू हो जाएगी। इसके जरिए एयरलाइन को अपने नेटवर्क का विस्तार करने में मदद मिलेगी। ये विमान फ्यूल एफिशिएंट होते हैं।



30 विमानों की खरीद के अलावा, इंडिगो ने 70 अतिरिक्त ,350 विमानों की खरीद के अधिकार के लिए भी हस्ताक्षर किए हैं। नए विमानों से एयरलाइन अल्ट्रा-लॉन्ग-डिस्टेंस फ्लाइट ऑपरेट कर पाएगी। इससे यह एयर इंडिया के साथ सीधे कॉम्पिटिशन में आ जाएगी।

**इंडिगो के पास 350 से ज्यादा विमानों का बेड़ा**

इंडिगो के पास 350 से ज्यादा विमानों का बेड़ा है। अपने बेड़े के साथ इंडिगो रोजाना 1900 से ज्यादा फ्लाइट ऑपरेट करती है। ये एयरलाइन 81 डोमेस्टिक डेस्टिनेशन और 32 इंटरनेशनल डेस्टिनेशन को कवर करती है।

भारत में सबसे ज्यादा 60त्न मार्केट शेयर इंडिगो के पास ही है, जो साल 2030 तक अपनी क्षमता को दोगुना और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने नेटवर्क का विस्तार करना चाहती है।

इंडिगो के शेयर ने इस साल अब तक में 28.25 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। वहीं, पिछले 6 महीनों में शेयर 58.36त्न चढ़ चुका है। आज इंडिगो का शेयर 2.08त्न की तेजी के साथ 3,820 रुपए के स्तर पर बंद हुआ है।

QxFYwy यानी अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में इंडिगो का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 110.7 त्न बढ़कर ?2,998 करोड़ रहा। पिछले साल की समान तिमाही में इंडिगो ने 1,422.6 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट दर्ज किया था। QxFYwy में ऑपरेशंस से कंपनी का रेवेन्यू सालाना आधार पर 30.26 प्रतिशत बढ़कर 19,452 करोड़ रुपए रहा। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में ये 14,933 करोड़ रुपए रहा था। कंपनी ने तीसरी तिमाही में टिकट बेचकर ?17,157 करोड़ का रेवेन्यू जनरेट किया। पिछले साल की समान तिमाही के मुकाबले इसमें करीब 30.30 प्रतिशत की ग्रोथ हुई है।

# अगले साल ऑप्टिमस रोबोट बेचना शुरू कर सकता है टेस्ला, वेयरहाउसिंग, रिटेल और मैन्युफैक्चरिंग जैसे इंडस्ट्रीज में काम कर सकेगा

**नई दिल्ली।** टेस्ला का ह्यूमनॉएड रोबोट ऑप्टिमस अगले साल के अंत तक बिक्री उपलब्ध हो सकता है, अभी यह डेवलपमेंट फेज में है। कंपनी के सीईओ एलन मस्क ने मंगलवार को यह बात कही।उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कैपेबिलिटीज का जिक्र करते हुए कहा, मुझे लगता है कि टेस्ला किसी भी ह्यूमनॉएड रोबोट मेकर की तुलना में एफिशिएंट इनफ्रेंस के साथ मास प्रोडक्शन तक पहुंचने के लिए सबसे बेहतर स्थिति में है।

इस तरह के रोबोट से श्रम की कमी को पूरा किया जा सकेगा और काम को भी आसानी से किया जा सकेगा। यह रोबोट वेयरहाउसिंग, लॉजिस्टिक, रिटेल और मैन्युफैक्चरिंग जैसे इंडस्ट्रीज में इस्तेमाल किए जा सकेंगे।



ह्यूमनॉइड रोबोट ऑप्टिमस में उसी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सॉफ्टवेयर और सेंसर का यूज किया है, जो टेस्ला कार के एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंट सिस्टम ऑटोपायलट में मौजूद है। ये रोबोट टेस्ला चिप पर पर काम करता है। रोबोट में 2.3 किलोवाट प्रति घंटे का बैटरी पैक लगा है, जो पूरे दिन आसानी से काम कर सकता है। इसमें वाईफाई और एलटीई सपोर्ट भी दिया गया है।

ऑप्टिमस को कलर के आधार पर चीजों को चुनने के लिए ट्रेन किया है। यह रंगों के ब्लॉक्स को खुद ही चुन कर अलग-अलग कर देता है। इसके अलावा, गलती होने पर यह खुद ही सुधार भी कर लेता है। इसे लो-स्किल्ड लेबर की जगह लेने के लिए विकसित किया जा रहा है।इसके ह्यूमनॉइड रूप को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह सुपरमार्केट में खरीदारी से लेकर फैक्ट्री पोडक्शन लाइनों पर काम करने तक के ह्यूमन टास्क्स को पूरा कर सके।ह्यूमनॉइड रोबोट ऑप्टिमस को पहली बार अक्टूबर 2022 में हुए टेस्ला एआई डे इवेंट के दौरान पेश किया गया था। ये 5.8 फीट लंबा और करीब 50 किलो वजनी है। वहीं, 4 महीने पहले टेस्ला ने अपने ह्यूमनॉएड रोबोट की एक नई जनरेशन ऑप्टिमस जेन 2 को अनवील किया था। अपग्रेडेड मॉडल 30 प्रतिशत तेज चल सकता है और इसमें बेहतर संतुलन भी है। इसका वजन भी 10 किलो कम है। एलन मस्क ने रोबोट का वीडियो शेयर किया था।

# मारुति को चौथी तिमाही में 48 प्रतिशत का मुनाफा कंपनी ने पूरे साल में 21.35 लाख गाड़ियां बेची

**नई दिल्ली।** भारत की कार बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी मारुति सुजुकी का मुनाफा 48त्न बढ़ गया है। कंपनी ने शुक्रवार 26 अप्रैल को वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजे जारी किए हैं। कंपनी ने बताया कि उसे इस तिमाही में 3878 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी ने ?2,623 करोड़ की कमाई की थी। इस वित्त वर्ष में मारुति ने 21,35,323 गाड़ियां बेची हैं।

वहीं पूरे वित्त वर्ष के लिए टैक्स के बाद का मुनाफा 64 प्रतिशत बढ़कर 13,209 करोड़ रुपए हो गया है। एक साल पहले यानी, वित्त वर्ष 2023 में ये 8,049 करोड़ रुपए था। मारुति ने अपने शेयरधारकों को 125 रुपए प्रति शेयर डिविडेंड (लाभांश) देने का



ऐलान किया है। कंपनियां अपने शेयरधारकों को मुनाफे का कुछ हिस्सा देती हैं, उसे डिविडेंड कहते हैं।

कंपनी ने अपनी अब तक की हाईएस्ट एनुअल सेल्स, एक्सपोर्ट, नेट सेल्स और नेट प्रॉफिट हासिल किया है। मारुति सुजुकी ने पूरे साल में कुल 21,35,323 गाड़ियां बेची। ये एक साल पहले की तुलना में ये 8.6 प्रतिशत की ग्रोथ है।

घरेलू बाजार में सेल्स 1,852,256 यूनिट रही, वहीं मारुति ने 283,067 गाड़ियां एक्सपोर्ट की। ये एक साल पहले की तुलना में 8.6 प्रतिशत की ग्रोथ है।

**वित्त वर्ष 2025 में एक्सपोर्ट 3 लाख यूनिट पार होने की उम्मीद**

मारुति को भरोसा है कि वित्त वर्ष 2025 में उसका एक्सपोर्ट 3 लाख यूनिट को पार कर जाएगा। मारुति ने 2030 तक एक्सपोर्ट को 8 लाख यूनिट करने का टारगेट रखा है। मारुति लगातार तीसरे साल भारत की सबसे ज्यादा ज्यादा कार एक्सपोर्ट करने वाली कंपनी रही है।

# कैसे मिलेगी खुशी...हर दिन, हर पल

**खुश रहने के लिए कुछ पाने की दरकार नहीं होती। अपने जीवन में खुशियां लाने के लिए दूसरों से तुलना छोड़कर हर परिस्थिति में वर्तमान का आनंद लेना होगा...**



आपको जीवन में क्या चाहिए? -नियमित मोटी आमदनी, बड़ा-सा मकान, बड़ी गाड़ी और क्या?
- और खुशी?
-खुशी! पैसा रहेगा, तो खुशी अपने आप आ जाएगी...।
दातर लोग ऐसा ही सोचते हैं। पर सच यह है कि यह पूरी तरह सही नहीं है। धन-संपदा आने के बाद भी खुशी नहीं आ पाती। अगर पैसे से ही खुशी खरीदी जा सकती तो डिप्रेशन को अमीरों की बीमारी नहीं कहा जाता। तब खुशहाली की सूची में भूटान जैसे गरीब देश शीर्ष पर नहीं होते। फिर कैसे आ सकती है खुशी?

ज्यादातर लोगों के दुखी रहने की वजह क्या होती है? क्या है दुख की वजह दरअसल, ज्यादातर लोग इसलिए दुखी रहते हैं, क्योंकि उनका जीवन तमाम तरह की समस्याओं से घिरा होता है। अगर नौकरी करते हैं तो महीने के अंत में पैसे के मामले में हाथ तंग हो जाता है। कोई इसलिए दुखी है कि मकान नहीं बनवा पा रहा, किसी की बेटी की शादी नहीं हो रही, तो कोई इसलिए दुखी है कि उसके पास कार नहीं है और उसे लोकल ट्रेन या बसों में धक्के खाने पड़ते हैं, तो कोई अपने परिवार के किसी सदस्य की बीमारी की वजह से परेशान है।



सवाल उठता है कि जीवन में इतनी समस्याओं के होते हुए लोग खुश कैसे रहें?
इस बारे में आठवीं सदी के संत शांतिदेव ने बहुत अच्छी बात कही है।
उन्होंने कहा था, अगर आप किसी समस्या से परेशान हैं तो उसके बारे में गहराई से चिंतन कीजिए कि क्या वह समस्या हल हो सकती है? अगर हां में उत्तर आता है, तो फिर चिंता किस बात की। आप उसे हल करने का प्रयास कीजिए।
लेकिन अगर चिंतन में आपको लगता है कि वह समस्या हल ही नहीं हो सकती, तब भी चिंता किस बात की? चिंता करने से समस्या हल तो नहीं हो जाएगी।ज्यादातर लोग दुखी इसलिए भी रहते हैं, क्योंकि वे अपने जीवन का विश्लेषण करते वक्त दूसरों से उसकी तुलना करते हैं। उन्हें अपना धन-संसाधन कम लगता है। हमेशा कोई न कोई ऐसा उदाहरण मिल जाता है, जो उनसे ज्यादा धनी होता है, जिसके पास उनसे बड़ी कार होती है। संसाधन जुटाने के लिए जी-तोड़ मेहनत करने में कोई बुराई नहीं हैं। धन और तमाम भौतिक चीजें जुटाने और उनका उपभोग करने में भी कोई बुराई नहीं. सवाल बस इतना है कि यह सब करते हुए भी अपने मौजूदा जीवन से खुश कैसे रहें?
आपको कितना पैसा मिल जाए तो आप खुश रहेंगे? इस सवाल पर ज्यादातर लोग ऐसी सोच रखते हैं कि अपना मकान हो जाए या बिटिया की शादी हो जाए या अच्छी नौकरी मिल जाए या बेटे-बेटी का इंजीनियरिंग मेडिकल में सलेक्शन हो जाए, उसके बाद ही घर में असली खुशी आएगी। पर असली खुशी ऐसे लोग अपने घर में कभी नहीं ला पाते, क्योंकि उन्होंने खुशी के लिए तमाम शर्तें और बंदिशें लगा रखी हैं और किसी न किसी बात पर दुखी रहना उनकी आदत में शुमार हो चुका है। क्या आप हैं परम दुखियारे कुछ लोग सदाबहार दुखियारे होते हैं। कार, मकान, अच्छी नौकरी, संतान यानी सब कुछ होते हुए भी वे दुखी रहते हैं, क्योंकि किसी के पास उनसे बड़ी कार है, तो किसी की तुलना में उनका मकान छोटा है। ऐसे सदाबहार दुखियारे लोगों को खुश करना मुश्किल होता है। अगर आप भी ऐसे लोगों में शुमार हैं, तो सुबह उठिए और आईने में अपना चेहरा देखिए। क्या आप खुश हैं? कहीं आप खुद से ही असंतुष्ट तो नहीं लग रहे हैं। याद कीजिए, आप पिछली बार कब हंसे थे? आप दिन भर में कितनी बार हंसते-मुस्कुराते हैं? ऐसा तो नहीं कि जब कोई टीवी कार्यक्रम देखकर लोग दिल खोलकर हंस रहे होते हैं, तब भी आप ऐसी फीकी-सी हंसी हंसते हैं, जैसे आपको हंसने के लिए कोई मजबूर कर रहा हो? किसी उत्सव में सभी नृत्य कर रहे हों, तब भी आपके पैरों में कोई थिरकन नहीं होती?
आप कितना भी पैसा क्यों न कमा लें, आप एग्जाम में कितने भी अंक क्यों न हासिल कर लें, आपसे ज्यादा पैसा कमाने वाला या आपसे ज्यादा अंक लाने वाला कोई न कोई मिल ही जाता है। सोचिए, अगर आपके हिसाब से कम पैसा कमाने वाले लोग दुखी रहने लगें, तो दुनिया में खुश रहने का अधिकार तो सिर्फ बिल गेटस या वारेन बफे को ही होगा। आपके हिसाब से तो बाकी लोगों को दुखी रहना चाहिए।
अगर खुश रहना चाहते हैं तो यह समझना होगा कि आप जीवन में तमाम अभावों और भौतिक कैसे रहें खुश अमेरिका के मशहूर मोटिवेशनल लेखक डेनिस वेटली ने कहा है कि खुशी कोई ऐसी चीज नहीं है, जिसे आप कहीं जाकर खरीद या उपभोग कर सकते हैं। यह तो हर क्षण प्यार, शिष्टता और कृतज्ञता के साथ जीने से मिलती है। यह एक आध्यात्मिक अनुभव होती है। जीवन में खुशी इस बात से नहीं आती कि आपने कितना कुछ हासिल कर लिया, बल्कि खुशी इस बात से आती है कि आप उसे कितना महसूस करते हैं। जीवन में आनंद को कितनी जगह देते हैं। खुश रहने के लिए किसी अच्छे दिन का इंतजार न करें।
मशहूर फारसी दार्शनिक और शायर उमर खैयाम ने कहा था, इसी क्षण खुश हो जाएं, क्योंकि यही क्षण आपका जीवन है। हर दिन कुछ मिनट ऐसी चीजों के बारे में जरूर सोचें, जिनसे आप खुश हो सकते हैं। इन मिनटों में आप अपने जीवन के सकारात्मक पक्ष पर ध्यान केंद्रित करेंगे और इनसे आपको खुशहाल जीवन जीने में मदद मिलेगी। अगर आप समझते हैं कि आप खुश रह सकते हैं, तो अपने आसपास खुश रहने वालों को साथ रखें। यदि कुछ गलत हो जाए तो



किसी को दोषी ठहराने की जगह समाधान निकालने की कोशिश करें। पहले इस बात पर भरोसा करें कि आप खुशी पा सकते हैं। इसके बाद खुशी पाने की ओर बढ़ें। यह मानना छोड़ दें कि खुशी तो नसीब की बात होती है और यह सबको नहीं मिलती।
सुखों के बिना भी खुश रह सकते हैं।

# धूप से बचाएं अपनी बाहों को ऐसे

यदि आप खुली बाहों वाली पोशाकें पहनने की शौकीन हैं, लेकिन धूप से आपकी बाहों की त्वचा बदरंग और बेजान हो गई है, तो धूप में निकलते वक्त त्वचा की सुरक्षा का ख्याल जरूर रखें। विख्यात त्वचा विशेषज्ञ किरण लोहिया ने यहों आपके लिए त्वचा की सुरक्षा और खूबसूरत बाहें पाने के खूबसूरत नुस्खे साझा किए हैं

**सूरज की घातक किरणों से सुरक्षा :**
सूरज की घातक यूवीए और यूवीबी किरणें त्वचा को बदरंग और बेजान कर देती हैं। यूवीए किरणों से त्वचा में दाग धब्बे और झुरियों भी आ जाती हैं, वहीं यूवीबी किरणें त्वचा को बदरंग कर देती हैं। इसलिए सूरज की किरणों से त्वचा की सुरक्षा के लिए धूप में निकलने से पहले बाहों पर हमेशा एसपीएफ 30 एवं पीए ++ वाला बोर्ड स्पेक्ट्रम संस्क्रीन लगाना चाहिए। धूप में रहने के दौरान हर चार घेंटे में त्वचा पर संस्क्रीन लगाना चाहिए।
धूप में बाहों को अच्छी तरह ढंककर निकलें :



ज्यादा समय तक धूप में रहने से बोंहों में झाइयों पड जाती हैं और रंग काला पडने लगता है। यदि आप धूप में निकलते वक्त खुली बाहों वाली पोशाक के बदले पूरी बोंह की पोशाक पहनने का विकल्प चुनती हैं, तो पाएंगी कि इससे आपकी बाहें नर्म और कोमल बनी रहती हैं। गर्मी के मौसम में सूती कपडे और हल्के रंग के पोशाक पहनना ज्यादा सही रहता है।
**घरेलू उपाय :** बाहों पर गहरे दाग धब्बों को हटाने के लिए घरेलू उबटन कारगर साबित हो सकते हैं। उबटन लगाने से त्वचा की ऊपरी बेजार और रूखी परत हट जाती है और त्वचा कोमल और चमकदार बनती है। उबटन बनाने के लिए छाछ और बेसन का पतला पेस्ट बनाकर बाहों पर लगाएं और सूखने के बाद हल्के हाथों से मलते हुए पानी से धो डालें। एसा सप्ताह में एक से दो बार करें। इसके अलावा गुलाब के अर्क में चीनी मिलाकर इससे बाहों पर मसाज करें और फिर पानी से धो डालें। सप्ताह में कम से कम एक बार सा करने से आपकी बाहें मुलायम और चमकदार होंगी।

# नई नवेली दुल्हन को करना पड़ता है इन 8 बातों का सामना!

**शादी के बाद नई नवेली दुल्हन मन में घबराहट होती ही है। उसके दिमाग में यही चलता रहता है कि कहीं कोई भूल न हो जाए उससे। कई तरह के सवाल मन में उठते रहते हैं। उसे यह भी चिंता सताती रहती है कि कहीं कोई उसके संस्कारों पर ही सवाल न उठा दे। अगर आप भी दुल्हन बनने जा रही हैं, तो इन बातों का ऐसे करें सामना**



शादी के बाद केवल घर के सदस्यों का स मान ही काफी नहीं है। आस-पड़ोस के मिलने आने वाले बड़े-बूढ़ों के भी पैर छूएं, क्योंकि नई दुल्हन से सभी को ये उम्मीदें होती हैं। कई बार पैर छूना, न छूना ही बड़ा मुद्दा बन जाता है।
शादी के बाद बच्चों की बातें होने लगती हैं। कभी वो बातें आपको टोंट की तरह लगती हैं। इन बातों पर कोई रिएक्शन न दें। बस हंसकर टाल दें। भूलकर भी जवाब ना दें।
जो जैसा कहे, वैसा पहन लें। हो सकता है ज्वैलरी और हैवी साडि?ीं से लदे रहना पसंद न आए। पर ये सोचकर बड़ों के हिसाब से तैयार हो जाएं कि ये कुछ दिनों का ही चार्म होता है।
शादी के बाद नई नवेली दुल्हन मन में घबराहट होती ही है। उसके दिमाग में यही चलता रहता है कि कहीं कोई भूल न हो जाए उससे। कई तरह के सवाल मन में उठते रहते हैं। उसे यह भी चिंता सताती रहती है कि कहीं कोई उसके संस्कारों पर ही सवाल न उठा दे। अगर आप भी दुल्हन बनने जा रही हैं, तो इन बातों का ऐसे करें सामना
हैप्पी लाइफ के लिए जानिये ये 8 बातें, वरना जिंदगी बन जाएगी बोझ
यह जरूरी नहीं कि रिलेशनशिप परफेक्ट तभी हो, जब पति-पत्नी एक-दूसरे के साथ ही रहें या फिर एक-दूसरे को पूरा समय दें। यह तब भी संभव है,जब वर्किंग कपल एक-दूसरे को पूरा समय न भी दे पाएं और डिस्टेंस रिलेशनशिप में हों। अगर आप भी वर्किंग कपल हैं, तो गौर फरमाइए इन 8 बातों पर, ताकि आपकी मैरिड लाइफ भी रहे ताजिंदगी खुशनुमाह्न चाहे फिर आप पास हों या दूर..
जब आप दोनों ही काम-काजी हैं और एक दूसरे को समय नहीं दे पाते तो एक-एक दिन दोनों पार्टनर की तरफ से कर लिया जाए। जिसमें दोनों एक-दूसरे के लिए समय बिताएं। अपना सारा समय अपने पार्टनर को दें। साथ में डिनर करें, घूमने जाएं। खासतौर पर वह करें, जो आपके पार्टनर को पसंद हो।
कम्युनिकेशन अच्छा और भरपूर हो। जब आप अपनी पत्नी या पति से दूर रहते हैं, तो स्वाभाविक है ज्यादातर फोन पर ही बातें होती हैं। ऐसे बहुत सी बातें बताने को रह जाती हैं। काम के चक्कर में या फिर याद नहीं रहती। ऐसे में पूरी बातें शेयर करना न भूलें। एक समय निश्चित करें, जिसमें आपस में एक-दूसरे से जुड़ी पूरी और प्यार भरी बातें करें। तब फोन पर ऐसा लगेगा कि आप एक-दूसरे से दूर नहीं हैं।
भले ही ऑफिस के काम और ड्यूटी आवर्स मैच न होने के कारण आप एक-दूसरे को समय नहीं दे पा रहे हों, लेकिन इन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर भी रिश्ते को प्यारा बनाया जा सकता है। जैसे कि ऑफिस जाने से पहले हग करना, किस करना, बाय बोलना और हाथ मिलाना। ये सब चीजें दूरियां मिटाती हैं।
किसी भी तरह की उपलब्धि मिलते ही उसका जश्न मनाएं। दोस्तों को बुलाएं। पार्टी करें। पत्नी हो या पति दोनों एक-दूसरे को ग्रेट फील कराएं। चाहे उपलब्धि पति की हो या पत्नी की। दोनों एक-दूसरे की खुशियों में शरीक हों। एक-दूसरे को प्रोत्साहित करें।
ट्रिप प्लान करें। पूरे साल में दो बार एक-दूसरे की पसंद की जगह पर घूमने निकल जाएं। वहां अपनी प्राइवेसी में किसी को दखल न देने दें। यहां तक कि फोन भी अर्जेंट हो, तभी पिक करें।
समय समय पर काम के लिए एक-दूसरे की मदद करें। आपको अपने पार्टनर का पूरा सहयोग करना चाहिए। यह बात मन में रखें। चाहे वह मदद किसी भी तरह की हो, चाहे ऑफिस के कामकाज में या फिर घरेलू काम में।
रिश्तों में जितनी पॉजिटिव सोच हो वो उतना ही बढ़ता है। अपने रिश्ते के प्रति पॉजिटिव सोच रखें। एक-दूसरे से कोई शिकायत भी हो, तो बैठकर बात करें, न कि मन में रखें। शक करना तो बिलकुल ही भूल जाएं।
एक-दूसरे के साथ सहज रहें। जब आप अपने पार्टनर के साथ सहज महसूस नहीं करते तो फिर आपको उनसे हर चीज में प्रॉब्लम होने लगती है। वर्किंग कपल हैं,तो दोनों के बीच खुलापन बेहद जरूरी है।

# ब्रेकअप करते समय न करें ऐसी गलतियां

हर रिश्ते में थोड़े बहुत उतार चढ़ाव तो आते ही रहते है लेकिन जरुरी नहीं हर रिश्तेका अंत उसका ब्रेकअप करके ही किया जाए या लड़ाई झगड़ा करके उसका अंत कर दिया जाए । बॉयफ्रेंड और गर्लफ्रैंड का रिश्ता भी बड़ा नाजुक होता है शुरुवात में तो हर चीज बहुत अच्छी लगती हैं पर जैसे जैसे रिश्ता आगे बढ़ने लगता है कुछ छोटी -छोटी बातें रिलेशनशिप में दरार पैदा कर देती हैं जिससे रिश्ता आगे बढ़ने की बजाय वहीं खत्म होने की कदार पर पहुंच जाता है इसलिए अगर रिश्ता ऐसी स्थिति में पहुंच जाएं जहों इसका कोई हल न मिल रहा हो तो उस रिश्ते से अलग होना ही बेहतर होता है । चाहे वो लड़की हो या लड़का दोनों में से कोई भी रिश्ता आगे बढ़ाना का इच्छुक नहीं हैं तो ब्रेकअप करते समय इन तरीकों का न करें इस्तेमाल।



**– मैसेज करके बताना**

अगर आप दोनों एक दूसरे से अलग होने के बारे में सोच चुके हैं तो आप दोनों एक दूसरे को मैसेज करने की बजाय सीधा मिलकर रिश्ते को खत्म करने की बात करें,ऐसा करने से आपको दुख तो होंगा पर ऐसा करने से बाद में ये सवाल नहीं पैदा होंगे कि उसकी तरफ से रिश्ता खत्म करने का मैसेज आया था।

**– दोस्त के हाथ संदेश भिजवाना**

ये बात बिल्कुल गलत है कि किसी दोस्त को कहकर अपने बॉयफ्रेंड को रिश्ता खत्म करने के लिए कहना क्योंकि आप दोनों के बीच किसी तीसरे के दखल से ज्यादा दुख होगा ।

**– धोखा न दें**

अपने बॉयफ्रेंड को बिना कुछ बताएं अगर आप किसी और के साथ रिलेशन में पड़ जाती है तो ऐसा करना बिल्कुल गलत है क्योंकि न तो उसे पता होंगा कि आपके मन में क्या चल रहा है न ही आप उसे सगााई बताएंगी , इसलिए अगर आप अपने बॉयफ्रेंड के साथ ब्रेकअप करना चाहती है तो उसे इसके बारे में पूरी जानकारी दें ।

**– ब्रेकअप होने की बात ऐसे न कहें**

अगर आप अपने बॉयफ्रेंड के साथ ब्रेकअप करना चाहती हैं तो आप अपने ब्रेकअप होने की बात अपने दोस्तों के बीच खड़े होकर कभी न कहें ऐसा करना आपकेबॉयफ्रेंड को ज्यादा दुख दे सकता है ।



**– रिश्ते को दोस्ती का नाम देकर न करे ब्रेकअप**

ब्रेकअप करते समय अपने रिश्ते को दोस्ती का नाम न दें और चाहें वो लड़का हो या लड़की दोनों में से कोई भी अगर ब्रेकअप करना चाहता हैं तो एक दूसरे को ये कहना कि अब हम सिर्फ अच्छे दोस्त रहेंगे तो ऐसा करना बिल्कुल गलत ?????

# पढ़ाई छोड़कर जा रहा था घर, फैकल्टीज ने रोका, अब इंजीनियर बनेगा बीपीएल परिवार का राहुल

### शिक्षा के साथ संघर्ष का हौसला भी देता है कोटा, बीपीएल परिवार का पहला इंजीनियर होगा राहुल

**कोटा.** कोटा शिक्षा के साथ संघर्ष का हौसला भी देता है। हालात से लड़ना सीखाता है और आगे बढ़ना सीखता है। जेईई-मेन के परिणामों में इसका एक उदाहरण सामने आया है।

ओडिशा के अंगुल जिले के निर्धन बीपीएल परिवार के प्रतिभावान राहुल कुमार साहू की तकदीर कोटा ने बनाई है। कोटा उसके साथ ऐसे समय खड़ा रहा जब उसे सबसे ज्यादा जरूरत थी। जेईई-मेन के परिणामों में एलन के छात्र राहुल ने 99 पर्सेन्टाइल स्कोर के साथ आल इंडिया रैंक 17873 तथा ओबीसी कैटेगिरी रैंक 4459 प्राप्त की। अब जेईई-एडवांस्ड की तैयारी कर रहा है।

कोटा से हजारों किलोमीटर दूर ओडिशा के अंगुल जिले के परिवार ने एक सपना देखा और उसे सच करने के लिए प्रयास शुरू किए। कमजोर आर्थिक स्थिति के बावजूद इंजीनियर बनने के लिए राहुल कोटा आया। यहां एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट में एडमिशन लिया। संस्थान में अपनी स्थिति बताई तो शुल्क में 50 प्रतिशत की रियायत मिली। सफर आगे बढ़ा। मेहनत में कसर नहीं छोड़ी लेकिन जब टेस्ट के परिणाम अपेक्षानुरूप नहीं आने लगे तो राहुल परेशान हो गया। जैसे-तैसे एक साल पूरा हुआ। राहुल को लगा कि वो लक्ष्य हासिल नहीं कर सकेगा और पापा के गाढ़ी कमाई भी खराब हो जाएगी। उसने पापा से बात की और वापस लौटने का फैसला ले लिया। परीक्षा में शामिल हुए बिना ही वापस जाने के इस फैसले के संबंध में जब संस्थान में काउंसलर्स को बताया तो उन्होंने समझाया। मोटिवेट किया और संघर्ष से सफलता तक के कई उदाहरणों के माध्यम से प्रेरित किया।

राहुल और उसके पिता को लगा कि परीक्षा में शामिल तो होना चाहिए, फिर फैकल्टीज के सहयोग और नई प्रेरणा के साथ राहुल फिर से मेहनत करने में जुट गया। संघर्ष से इस सफलता का परिणाम भी सकारात्मक रहा। जेईई-मेन में 99 पर्सेन्टाइल स्कोर किया और अब एडवांस्ड की तैयारी में जुट गया। लक्ष्य आईआईटी से बीटेक करना है।



#### पता नहीं था जेईई क्या होती है ?

राहुल ने बताया कि मेरी मैथ्स शुरु से अच्छी है। इंजीनियर बनना चाहता था लेकिन पता नहीं था कि इसके लिए क्या करना होता है। फिर इंटरनेट से जानकारी जुटाई तो पता चला कि इसके लिए जेईई परीक्षा देनी होती है। फिर इसकी तैयारी करने का निर्णय लिया। स्कूल में टीचर्स ने बताया कि जेईई और नीट की तैयारी के लिए एलन के बारे में जानकारी ली और वर्ष 2022 में कोटा आ गया। मेरे लिए यह आसान नहीं था लेकिन 'जहां चाह होती है, वहां राह अपने आप बन जाती है'।

#### थड़ी से चलता है परिवार

राहुल ने कहा कि हमारे परिवार में पहले कोई भी इंजीनियर नहीं बना। पिता सिर्फ 10वीं व मां 12वीं तक पढ़ी हैं। मेरे पिता सरोज कुमार साहू की अंगुल में ही छोटी सी थड़ी है। इसी पर परिवार निर्भर है। मां ज्योत्सना मयी साहू गृहिणी है और मेरा परिवार बीपीएल श्रेणी में है। जब मेरे कोटा जाने के निर्णय के बारे में पता चला तो रिश्तेदारों ने खुद आगे आकर मदद करने की पहल की। पहले फीस का इंतजाम किया। इसके बाद हर महीने किराए के एवं खाने के पैसे भी रिश्तेदार पैसे जोड़कर मुझे भेज देते हैं।

#### कमरा खाली किया, बोरी-बिस्तार बांधा

राहुल ने बताया कि वर्ष 2023-24 में अक्टूबर माह में आमदनी घट गई तो आर्थिक स्थिति कुछ ज्यादा ही बिगड़ गई थी। टेस्ट में मेरी परफोरमेंस भी डाउन हो गई थी। पापा ने मुझे पढ़ाने में असमर्थता जता दी। मेरे पास भी कोई उपचार नहीं था। इसलिए कोटा से जाने का निर्णय लेना पड़ा और कमरा खाली कर दिया था। यह बात एलन में फैकल्टीज को पता चली तो उन्होंने मुझे बुलाया और कहा कि 'कोटा निराश करके नहीं भेजता। यदि तुमने मेहनत की तो सपना जरूर साकार होगा।' इसके बाद मुझे संस्थान ने फीस में रियायत दी। जिससे मुझे सहारा मिला और कोटा में रह सका। फिलहाल जेईई एडवांस्ड की तैयारी में जुटा हुआ। आईआईटी जाने का सपना सच करना है।

#### कोटा भविष्य बनाता है

कोटा में पढ़ने वाले स्टूडेंट के लिए सबकुछ है। राहुल जैसे कई विद्यार्थी हैं जो प्रयास करते हैं और सफल होकर कोटा से जाते हैं। कोटा भविष्य बनाता है, यहां आकर विद्यार्थी को शिक्षा ही नहीं संघर्ष करने का हौसला भी सिखाया जाता है। यही कारण है कि इसे कॅरियर और केयर सिटी कहते हैं।

– नवीन माहेश्वरी, निदेशक, एलन

#### एलन ने की मदद

वर्ष 2022 में कोटा आने के बाद एडमिशन लेने एलन आया। यहां मैंने अपने स्थिति के बारे में बताया। मेरी लगन और पुराने अकादमिक रिकॉर्ड को देखते हुए पहले साल मुझे संस्थान ने फीस में 50 प्रतिशत की रियायत दी। इसके बाद दूसरे साल भी रियायत दी। 10वीं कक्षा में इंटरनेशनल मैथेमेटिकल ओलंपियाड में गोल्ड मैडल जीता हूं।

## नवल सागर बाईपास के उपर पहाड़ी पर स्थित सती माता मंदिर को अज्ञात चोरों ने बनाया निशाना, सालवी समाज में रोश व्याप्त

### मंदिर के तोड़े ताले ,चोर ताले तोड़कर एक मंगलसूत्र और हार जो सती माता के गले में था चोरी कर ले गये

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बूंदी ।** प्रवीण कुमार पुजारी हिंगलाज माता मंदिर व सती माता मंदिर ने आज सवेरे आकर बताया कि रात्रि को मैं रोजाना की तरह आज भी मंदिर की पूजा करने सवेरे पहुंचा तों सती मांता मंदिर का सामान अस्व्यत-व्यस्त हो रहा था। रात्रि को लगभग 9 बजे के बाद नवल सागर बाईपास के ऊपर पहाड़ी पर स्थित सती माता मंदिर जो हिंगलाज माता मंदिर के पास है वहां से अज्ञात चोर रात्रि को ताले तोड़कर सती माता की मूर्ति से मंगल सूत्र और एक हार ले गए। जिसके कारण सालवी समाज में रोश व्याप्त है,वैसे मूर्ति पर मंगल सूत्र व हार जो चोरों द्वारा ले जाए गए व आर्टिफिशियल थे। मंदिर पर अलमारी से उन्होंने लाइट का सामान भी ले जाने की कोशिश की लेकिन हो सकता है किसी की आहट को जाने से वह जल्दबाजी में और कोई सामान नहीं ले जा सके। यह मामला गुरूवार रात्रि 9 बजे के बाद का है क्योंकि रात्रि 9 बजे तक रोड पर आवाजाही लगी रहती है। यह यहां पर मंदिर के तले तोड़ना और फिर यहां से कोई सामान ले जाना ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। यह चोरों द्वारा की गई पहली चोरी की वारदात है। वैसे काफी समय से नवल सागर तालाब के पास स्थित गणेश व्यायाम शाला के बाहर एक चौकी लगी हुई है। लेकिन ऐसा लगता है जैसे चोरों को पुलिस का कोई भय नहीं रहा हो। और उन्होंने इस वारदात को अंजाम दिया। समाज के लोगों ने सिटी कोतवाली थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दी है कि इस शवारदात को अंजाम देने वाले अज्ञात चोरों का शीघ्र पता लगाया जाए ताकि भविष्य में ऐसी कोई वारदात दोबारां नहीं हो।

## 102 वर्ष के भंवर लाल ने परिजनों के साथ डाला वोट

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बूंदी ।** भंवरलाल शर्मा उम्र 102 वर्ष निवासी नैनवां रोड ने घर से अपने परिजनों के साथ बूथ क्रमांक 58 राजकीय महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय में पहुंच कर वोट डाला। भंवरलाल शर्मा मतदान के बाद प्रसन्न नजर आए। भंवर लाल शर्मा अपने पुत्र पुत्रवधू पोत्र पोत्रवधु के साथ मतदान बूथ 58 पर पहुंचे थे।

## जेईई-एडवांस्ड 2024 के आवेदन 27 अप्रैल से, 1 अप्रैल के बाद का ही ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट होगा मान्य

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटा.** देश की सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-एडवांस्ड के आवेदन 27 अप्रैल से शुरू होने जा रहे हैं। यह परीक्षा इस वर्ष आईआईटी मद्रास द्वारा आयोजित की जा रही है। आवेदन की अंतिम तिथि 7 मई है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि परीक्षा 26 मई को दो पारियों में देश के 300 से अधिक परीक्षा शहरों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा की आवेदन प्रक्रिया 27 अप्रैल शाम 5 बजे से शुरू होगी। आवेदन के लिए जेईई-मेन के आधार पर चुने हुए शीर्ष 2.50 लाख विद्यार्थी ही अपने जेईई-मेन के एप्लीकेशन नम्बर एवं बनाए गए पासवर्ड से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के दौरान विद्यार्थियों को परीक्षा केन्द्र चुनकर दसवीं-12वीं की अंक तालिका एवं कैटेगिरी सर्टिफिकेट अपलोड करने होंगे। विशेषकर ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस के विद्यार्थियों को एक अप्रैल 2024 के बाद का ही सर्टिफिकेट देना होगा। एक अप्रैल के बाद सर्टिफिकेट ना होने की स्थिति में विद्यार्थी इनफार्मेशन बुलेटिन में दिए गए डिक्लेरेशन के माध्यम से आवेदन कर सकता है, जिससे विद्यार्थी को कैटेगिरी संबंधित दस्तावेज उपलब्ध करवाने के लिए जोसा काउंसलिंग के सीट आवंटन तक का समय मिल जाएगा। आवेदन के दौरान विद्यार्थी देश के किसी भी शहर में परीक्षा केन्द्र चुन सकता है। इन परीक्षा केन्द्रों जेईई-मेन की परीक्षा में चुने हुए परीक्षा केन्द्रों से कोई संबंध नहीं होगा। दस्तावेज अपलोड कर विद्यार्थी को परीक्षा शुल्क का भुगतान करना होगा।

यह परीक्षा शुल्क सामान्य, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लड़कों के लिए 3200, एससी-एसटी एवं छात्रों एवं सभी छात्राओं के लिए 1600 रुपए रखी गई है। जेईई-एडवांस्ड के आवेदन में विद्यार्थियों की मूलभूत जानकारी जैसे कि विद्यार्थी, माता-पिता का नाम, कैटेगिरी, जेंडर, जन्मदिनांक, फोटो, हस्ताक्षर, कक्षा 10 व 12 की जानकारी जैसी सूचनाएं जेईई मेन के आवेदन से ही ले ली जाती है। इनमें विद्यार्थी बदलाव भी नहीं कर सकते हैं। यदि किसी विद्यार्थी ने जेईई-मेन में त्रुटि पूर्वक कैटेगिरी में आवेदन कर दिया है और उसके पास कैटेगिरी संबंधित दस्तावेज नहीं है तो वह एडवांस्ड के आवेदन के दौरान सामान्य श्रेणी में दिए गए विकल्प पर जाकर आवेदन कर सकता है।

## बून्दी जिले में 66.04 प्रतिशत औसत मतदान

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बून्दी।** लोकसभा आम चुनाव, 2024 के तहत जिले के समस्त तीन विधानसभा क्षेत्रों में शुक्रवार को औसत मतदान 66.04 प्रतिशत हुआ। नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार सायं 6 बजे तक जिले के हिण्डोली विधानसभा क्षेत्र में 58.27 प्रतिशत, केशोरायपाटन विधानसभा क्षेत्र में 68.35 प्रतिशत तथा बून्दी विधानसभा क्षेत्र में 71.50 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। शांतिपूर्ण मतदान के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने जताया आभार जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय गोदारा ने जिले में लोकसभा आम चुनाव, 2024 के दौरान जिले की बूंदी, केशोरायपाटन व हिण्डोली विधानसभा में शांतिपूर्ण मतदान के लिए जिले के मतदाताओं, अभ्यार्थियों, उनके सर्मथकों, राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, प्रेस एवं मीडिया प्रतिनिधियों का जिला प्रशासन की ओर से आभार व्यक्त किया है। मतदान स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कार्मिकों खासकर महिला कार्मिकों जिन्होंने महिला बूथों का सफल संचालन किया एवं मतदान व्यवस्थाओं से जुड़े सभी कर्मचारियों व अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। लोकसभा आम चुनाव, 2024 के तहत बूंदी जिले में सुबह 9 बजे तक 12.78 प्रतिशत मतदान हुआ। हिंडोली विधानसभा क्षेत्र में 12.03 प्रतिशत, केशोरायपाटन विधानसभा क्षेत्र में 12.83 प्रतिशत तथा बूंदी विधानसभा क्षेत्र में 13.49 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इसी तरह सुबह 11 बजे तक 26.43 प्रतिशत मतदान हुआ। इसमें हिंडोली विधानसभा क्षेत्र में 23.37 प्रतिशत, केशोरायपाटन विधानसभा क्षेत्र में 27.40 प्रतिशत व बूंदी विधानसभा क्षेत्र में 28.53 प्रतिशत मतदान रिकॉर्ड किया गया। दोपहर 1 बजे तक 40.35 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके तहत हिंडोली विधानसभा क्षेत्र में 35.51 प्रतिशत, केशोरायपाटन विधानसभा क्षेत्र में 42.27 प्रतिशत तथा बूंदी विधानसभा क्षेत्र में 43.28 मतदान दर्ज हुआ।

## ऑल इंडिया रेलवेमेन्स फेडरेशन का शताब्दी महोत्सव एवं अधिवेशन दिल्ली में सम्पन्न, कॉ.मुकेश गालव पुनः सहायक महामंत्री निर्वाचित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटा ।** ऑल इंडिया रेलवेमेन्स फेडरेशन(एआईआरएफ) का शताब्दी वर्ष महोत्सव एवं अधिवेशन 23-26 अप्रैल को नई दिल्ली आयोजित हुआ। जिसमें देश भर के एक लाख से अधिक रेल कर्मचारियों ने भाग लिया। यूनियन के सहा.महामंत्री नरेश मालव ने बताया कि अधिवेशन में भाग लेने के लिए ऑल इंडिया रेलवेमेन्स फेडरेशन से सम्बद्ध सभी जोनल यूनियनों के पदाधिकारी एवं रेल कर्मचारी नई दिल्ली पहुँचे, उन्होंने बताया कि यह देश का पहला फेडरेशन था जिसने अपने स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण किये। जो प्रत्येक रेल कर्मचारी के लिए गर्व का विषय था। उन्होंने बताया कि अधिवेशन के पहले दिन 23 अप्रैल को तालकटोरा स्टेडियम में सुबह महिला कांफ्रेंस एवं दोपहर बाद यूथ कांफ्रेस का आयोजन किया गया। अधिवेशन के दूसरे दिन फेडरेशन की वर्किंग कमेटी मीटिंग करनेल सिंह स्टेडियम में आयोजित हुई जिसमें आगामी रणनीति पर मंथन हुआ। इसके बाद अजमेरी गेट से विशाल रेली जो करनेल सिंह स्टेडियम पहुँची जहाँ अधिवेशन का खुला सत्र आयोजित किया। जिसमें





मुख्य अतिथि रेलवे बोर्ड की चैयरपर्सन एवं सीईओ श्रीमती जया वर्मा सिन्हा थी। विशेष अतिथि आईटीएफ के जनरल सेक्रेटरी स्टीफन कोटन एवं आईटीएफ रेल क्षेत्र के प्रमुख डेविड गोबे रहे तथा अध्यक्षता एआईआरएफ के अध्यक्ष डॉ.एन कन्हैया ने की। सभी वक्ताओं ने खुले सत्र में फेडरेशन के गौरवशाली इतिहास की सराहना करते हुए मजदूर आंदोलन में लाल झण्डे के योगदान एवं मजदूरों की मांगों को सही रूप से उठाकर उनका निराकरण कराने के लिए फेडरेशन की लिडरशीप को धन्यवाद भी दिया। 24 अप्रैल को तालकटौरा स्टेडियम में प्रतिनिधि सत्र प्रारम्भ हुआ जिसमें ऑल इंडिया रेलवेमेन्स फेडरेशन के महामंत्री कॉ.शिव गोपाल मिश्रा ने महामंत्री की रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा फैडरेशन के डेलिगेट्स द्वारा विभिन्न प्रस्ताव पारित किये गये।

जिसमें देश की सामाजिक आर्थिक परिदृष्य, रेल कर्मीयों की 36 सुत्रीय प्रमुख लम्बित मांगे, सुपरवाईजरो की वेतन संरचना का उन्यन विसंगतीयों को दूर करते हुए सभी कोटियों के पर्यवेक्षको को शामिल करना, 8 वे केन्द्रीय वेतन आयोग का गठन, बिना किसी कटौती के सीसीएल का भुगतान, रेल कर्मचारियों को देय उत्पादकता से जुडे बोनस की वेतन सीमा में वृद्धि, एनपीएस को हटाकर सभी ओपीएस को लागू करना, रेलवे में ट्रेड यूनियन एवं फेडरेशनों की मान्यता के लिए गुप्त मतदान में हो रही असामान्य देरी तथा रेलवे उत्पादन ईकाईयों में आउट सोर्सिंग एवं निजीकरण बंद करना प्रमुख थे। वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्पलॉईज यूनियन के महामंत्री कॉ. मुकेश गालव ने प्रस्ताव संख्या 2 रेल कर्मियों की 36 सुत्रीय प्रमुख लम्बित मांगों को सदन के समक्ष रखते हुए विस्तार से इन पर फेडरेशन का रूख स्पष्ट किया एवं कहा कि इनके निस्तारण होने तक लाल झण्डे से जुडा केडर शांत नहीं बैठेगा। इस अवसर पर ऑल इंडिया रेलवेमेन्स फेडरेशन की राष्टीय कार्यकारणी के चुनाव भी सम्पन्न हुए जिसमें कॉ.शिव गोपाल मिश्रा को महामंत्री, डॉ.एन कन्हैया को अध्यक्ष एवं कॉ. जे.आर भौसले को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्पलॉईज यूनियन के महामंत्री कॉ.मुकेश गालव पुनः सहायक महामंत्री व कॉ.चम्पा वर्मा को एआईआरएफ का जोनल सेक्रेटरी चुना गया। कोटा मण्डल से ही कॉ.इरशाद खान एवं कॉ.नरेश मालव को राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य निर्वाचित किया। अधिवेशन में महामंत्री कॉ.मुकेश गालव की अगुवाई में पश्चिम मध्य रेलवे के तीनों मण्डल कोटा, भोपाल एवं जबलपुर से दो हजार से अधिक रेलकर्मीयों ने भाग लिया, जिसमें बडी संख्या में महिला एवं युवा कर्मचारी शामिल थे।

## स्काउट गाइड व कब बुलबुल ने 4 बार खटखटाया मतदाताओं का दरवाजा, वोट देने की अपील की



**कोटा।** स्काउट गाइड व कब बुलबुल ने भी मतदान दिवस पर घर घर जाकर मतदाता जागरण अभियान चलाया। नन्हें स्वयंसेवकों का हौसला बरसात भी नहीं डिगा पाई। इस दौरान हेला टोली और जागो टोली के साथ घर घर से वोटर्स निकालने के लिए गाइड्स पहुंचे। प्रधानाचार्य ममता चौधरी के मार्गदर्शन में और प्रकाश जायसवाल के नेतृत्व में टोलियों ने संतोषी नगर, महावीर नगर विस्तार योजना के 3 सेक्टर में जनजागरण किया। इन गाइड्स और कब बुलबुल का उत्साह देखते ही बन रहा था। कब बुलबुल ने सौरभ मीणा, गीता शर्मा आदि के साथ दिन में 4- 4 बार पहुंचकर घरों का दरवाजा खटखटाया।

## कोटा, झालावाड़ से भाजपा नये कीर्तिमानों के साथ विजयी होगी - अरविन्द सिसोदिया

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**कोटा ।** भाजपा कोटा संभाग के मीडिया संयोजक अरविंद सिसोदिया ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करके दावा किया है कि ÷ कोटा - बूंदी लोकसभा और झालावाड़ - बारां लोकसभा सीटों से भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला और दुष्यन्त सिंह बड़े मार्जिन और नये कीर्तिमानों के साथ विजयश्री प्राप्त कर, प्रधानमंत्री मोदीजी को तीसरीबार प्रधानमंत्री बनाएंगे। सिसोदिया नें कहा की हाड़ौती का कल्चर राष्ट्रवादी है, यहाँ विपरीत परिस्थितियों में भी भाजपा नें ही विजय का परचम लहराया है। उन्होंने कहा कि कम मतदान प्रतिशत पर भी भाजपा ही जीतती रही है, वर्तमान मतदान प्रतिशत भी उपयुक्त है। इसलिए हाड़ौती की दोनों लोकसभा सीटों से भाजपा प्रत्याशी की विजय सुनिश्चित है। सिसोदिया नें सभी मतदाताओं को मतदान के लिए और कार्यकर्ताओं को कठोर परिश्रम के लिए आभार ज्ञापित किया है।

## बालाजी को धोक लगाकर दिया वोट

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**कोटा।** भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला ने शुक्रवार को अपने घर के निकट एक निजी स्कूल में स्थित पोलिंग बूथ पर मतदान किया। मतदान से पहले उन्होंने पत्नी डा. अमिता बिरला के साथ गोदावरी धाम में प्रभु श्री राम और बालाजी महाराज की पूजा की। बिरला ने कहा कि कोटा की जनता ने उन्हें सदैव प्यार और आशीष दिया है। इस बार भी कोटा-बूंदी परिवार का आशीर्वाद उनके साथ है। बिरला ने मतदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि लोकतंत्र के उत्सव में जिस उत्साह और उमंग से मतदाताओं ने भाग लिया, वह प्रशसंनीय है। राष्ट्रहित में आमजन द्वारा किया गया मतदान एक विकसित भारत के निर्माण में अमूल्य योगदान देगा।

**कार्यालय पर उमड़े कार्यकर्ता**

मतदान समाप्त होने के बाद बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला के कार्यालय पहुंच गए। कुछ समय बाद जब बिरला जब वहां पहुंचे तो कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान मोदी-मोदी के नारे गूंजते रहे। उमंग से भरे माहौल में कार्यकर्ताओं का साधुवाद व्यक्त करते हुए बिरला ने कहा कि वे ही उनकी सच्ची शक्ति हैं। जनता तक पहुंचने में वे एक महत्वपूर्ण सेतु की भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की इस मेहनत और समर्पण के वे सदैव ॠणि रहेंगे।

## कांग्रेस प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल की होगी ऐतिहासिक जीत -मनोज दुबे

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटा ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनोज दुबे ने आज सोगरिया बूथ पर मतदान कर पत्रकारो से बात करते हुए कोटा बूंदी लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल की भारी बहुमत से जीत का दावा करते हुए कहा की प गुंजल की ऐतिहासिक जीत होगी। कोटा बूंदी की जनता ने प्रहलाद गुंजल की जीत की गारंटी पर मुहर लगा दी है। उन्होंने कहा की इस बार जनता ने बढती हुई बेरोज़गारी,कमरतोड महंगाई, पुरानी पेंशन,तीन काले क़ानून,अग्निवीर,निजीकरण एव इलेक्टोरल बॉन्ड जैसे महाभ्रष्टाचार के खिलाफ़ एव किसानो को एम एस पी की गारंटी के लिए कांग्रेस को वोट दिया है।लोगो ने कांगेस प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल के समर्थन मे भारी उत्साह के साथ मतदान किया। मनोज दुबे ने कहा की कोटा सहित पूरे राजस्थान की जनता ने भाजपा के 400 पार की हवा निकाल दी है।भाजपा का राजस्थान मे मिशन 25 भी पूरी तरह से साफ हो गया।। मनोज दुबे ने कहा की पहले चरण के बाद आज दूसरे चरण के चुनाव मे भी देश की जनता ने इंडिया गठबंधन व कांग्रेस को अपार जनसमर्थन देते हुए केंद्र की भाजपा सरकार की विदाई का संकेत दे दिया है।

## मतदाताओं के अपूर्व उत्साह से भाजपा की ऐतिहासिक जीत होगी - राकेश जैन



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटा।** भाजपा ज़िलाध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि मतदाताओं के अपूर्व उत्साह से भाजपा की ऐतिहासिक जीत होगी आज मतदान दिवस पर कोटा शहर के कोटा उत्तर विधानसभा में स्टेशन, रेलवे कोलोनी मण्डल सहित अन्य प्रत्येक मतदान केंद्रों पर जाकर मतदाताओं एवं देवतुल्य कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए संपर्क किया इसके परिणाम स्वरूप कोटा के मतदाताओं ने मतदान में बड़चढ़कर हिस्सा लिया और ओम बिरला की जीत सुनिश्चित की।

## दिवंगत राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कमला दीदी के तृतीय पुण्यतिथि के निमित्त स्नेह सुमनांजली

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बूंदी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय बाहरली बूंदी स्थित सेवा केंद्र की पूर्व संचालिका दिवंगत राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कमला दीदी के तृतीय पुण्यतिथि के निमित्त स्नेह सुमनांजली सात दिवसीय कार्यक्रमों के अंतर्गत डॉक्टर्स के बीच वापी गुजरात से पादरी हाइपोथेसिस मोटिवेशन से पधारी हाइपोथैरेपिस्ट मोटीवेटर ब्रह्माकुमारी तुलसी दीदी ने माइंड पावर के सीक्रेट्स बताते हुए कहा आज के समय में सबका मनोबल गिरता जा रहा है। ऐसे में मन की शक्ति का महत्व और मन की शक्ति का प्रभाव हमारे शरीर पर, संबंधों पर ,व्यवसाय पर और जीवन पर पड रहा है। इस विषय में सोचना और समझना बहुत जरूरी है। स्वस्थ तन के साथ-साथ मन की शक्ति को भी जानना जरूरी है कहते हैं जैसा सोचते हैं वैसा ही बनते जाते हैं । हमारे विचार हमारा भविष्य तय करते हैं । हमारे विचारों के अंदर अलग-अलग भाव और भावनाएं और स्मृतियां समाई हुई रहती है। यही भाव और भावनाएं सकारात्मक है तो मनोबल बढ़ता जाता और यही नकारात्मक होती है तो मनोबल घटता जाता है। भाव और भावनाएं कैसी रहती है यह हमारे स्वयं पर निर्भर करता है। तो मन में सबके प्रति शुभभाव, प्रेम भाव ,शांति का भाव, धन्यवाद की भावना आदि आदि भरते जाएंगे। तो वैसे विचार से हमारा जीवन सुंदर होता जाएगा । रोज सुबह उठकर मन में खुशी के, शांति के, शक्ति के, आनंद के विचार करने का अभ्यास बढ़ाते जाएंगे तो वह मन पूरा दिन हमें ऊर्जावान रखेगा और सकारात्मक बने रहेंगे। बाहरी परिस्थितियों का प्रभाव मन के विचारों को कमजोर नहीं होने देगा। कुदरत का नियम है आप जो विचार उत्पन्न करेंगे वैसी ऊर्जा आपके पास वापस आएगी और अनेक गुना होकर आएगी। तो जरूरी है विवेक युक्त होकर हर विचारों की रचना की जाए और जो हम चाहते हैं वैसे बार-बार विजुलाइजेशन करते जाएंगे तो वैसे ही घटना हमारे साथ होती जाएगी ।

## दुबई में चल रही पढ़ाई के बीच कोटा आकर किया मतदान

**कोटा।** लोकतंत्र के महापर्व में आज एलबीएस ग्रुप के डायरेक्टर सुदर्शन माथुर ने दुबई में चल रही अपनी पढ़ाई के बीच कोटा आकर मतदान किया। सुदर्शन के पिता कुलदीप माथुर अध्यक्ष एलबीएस ग्रुप ने बताया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में आज पुत्र ने दुबई से आकर व पुत्री समृद्धि माथुर ने प्रथम बार वोट किया, सपरिवार।

# अस्पताल परिसर में केवल गंभीर मरीजों को लाने वाले वाहनों को ही अंदर आने दें - श्रीनिधि बीटी

### जिला कलक्टर ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



» धौलपुर ... जिला चिकित्सालय का निरीक्षण करने पहुंचे जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी

**धौलपुर।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने शुक्रवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को रोगियों के हित में बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल की साफ सफाई व्यवस्था को और दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में गुटखा खाकर थूकने वालो पर सख्ती करें। अस्पताल परिसर में केवल गंभीर मरीजों को लाने वाले वाहनों को ही अंदर आने दें जिससे मरीजों को सहूलियत मिल सके और अस्पताल परिसर में अवैध वाहनों का जमावड़ा रोका जा सके। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने रजिस्ट्रेशन कक्ष, चिकित्सक कक्ष, दवा वितरण कक्ष, टीकाकरण कक्ष, जनरल वार्ड सहित अस्पताल के अन्य कक्षों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समस्त चिकित्सक तथा नर्सिंग स्टाफ मौजूद मिला जिस पर जिला कलक्टर ने संतोष जताया। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए मरीजों के लिए पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त रखें। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाना हमारा दायित्व है लेकिन कई बार मरीजों के साथ आने वाले परिजन बिना वजह नर्सिंग स्टाफ से मारपीट कर देते हैं ऐसे लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाए। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने मरीजों से बात करते हुए अस्पताल की साफ-सफाई व डॉक्टरों व अन्य कर्मियों की सेवाओं के संबंध में फीडबैक लेते हुए प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ.विजय सिंह को आवश्यक निर्देश दिए।



» धौलपुर ... चिकित्सालय में भर्ती घायल

# सागरपाड़ा में छज्जा टूटने से 11 घायल, गली में युवकों का झगड़ा देखते समय हुआ हादसा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** सागरपाड़ा मोहल्ले में एक मकान का छज्जा टूटने से 11 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया। बताया जा रहा है कि मकान के छज्जे पर खड़े सभी लोग कॉलोनी में हो रही दो युवकों की लड़ाई को देख रहे थे कि इतने में छज्जा नीचे गिर गया।

घायलों को लेकर अस्पताल पहुंचे स्थानीय लोगों ने बताया कि शुक्रवार शाम के वक्त मोहल्ले के दो युवक सूरज और आकाश के बीच झगड़ा चल रहा था। जिसे देखने के लिए एक ही घर के लोग मकान के छज्जे पर आ गए। तभी अचानक छज्जा टूटकर गिर गया। जिसके ऊपर खड़े सभी लोग नीचे गिरकर घायल हो गए। हादसे में घायल हुए हुकुम सिंह पुत्र दिनेश, पुष्पेंद्र पुत्र घनश्याम, निशांत पुत्र मुनीम, रवि पुत्र हरिओम, जगदीश पुत्र हुकुम सिंह, प्रमोद पुत्र रामजीलाल, मुनीम पुत्र गोपालीराम, सिकंदर पुत्र पप्पू, विमलेश पत्नी मुनीम, अजीत पुत्र मुनीम और खुशी पुत्री दीपू घायल हो गए।

मकान का छज्जा टूटते ही मौके पर कोहराम मच गया। घटना के बाद स्थानीय लोग सभी घायलों को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां इमरजेंसी में ड्यूटी डॉक्टर की देखरेख में सभी घायलों का ट्रॉमा वार्ड में इलाज किया जा रहा है।



» धौलपुर ... रक्तदान शिविर सम्बंधी बैठक में उपस्थित सदस्य

# ब्लड बैंक में खून की कमी को देखते हुए शीघ्र ही लगेगा रक्तदान शिविर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जिला चिकित्सालय धौलपुर की ब्लड बैंक में खून की कमी को देखते हुए डॉ. विनोद गर्ग वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी प्रभारी राजकीय आयुर्वेद औषधालय कासिमपुर धौलपुर द्वारा मानवीय आधार पर तत्काल मीटिंग आयोजित की गई। जिसमे निर्णय लिया गया कि डॉ. भगवान दास शर्मा उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग धौलपुर, डॉ. संत सिंह मीणा संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग धौलपुर ,डॉ संजय गोयल वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी प्रभारी मोबाइल यूनिट धौलपुर एवं मनोज तोमर सरपंच प्रतिनिधि एवं नरेंद्र श्रीवास्तव ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत कासिमपुर एवं ग्राम वासियों, वॉलिंटियर के सहयोग से जल्द ही रक्तदान शिविर का आयोजन कासिमपुर में किया किया जाएगा।

डॉ विनोद गर्ग ने अपने व्यक्तिगत विचार व्यक्त करते हुए बताया कि यदि प्रत्येक महीने यदि राजस्थान सरकार के दो दो विभाग मिलकर यदि रक्तदान शिविर का आयोजन करें तो ब्लड बैंक में रक्त की कमी नहीं आएगी एवं बताया कि हमारे द्वारा दिया गया रक्त ना तो रक्तदाता के काम आता है और ना ही आयोजक के यह तो किसी जरूरतमंद व्यक्ति के काम ही आता है। जिसके द्वारा उसकी जान बचती है। एवं डॉ.गर्ग ने जिले के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी अधिकारी कर्मचारी, पुलिस,वॉलिंटियर्स, शहरी, ग्रामीण, आम नागरिकों से विनम्र निवेदन है अधिक से अधिक रक्तदान कर मानव जीवन के इस पुण्य कार्य में सहभागिता निभाएं। डॉ संजय गोयल वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि रक्तदान एक जीवनदान है और अचानक होने वाली दुर्घटना ,एनीमिया, थैलेसीमिया, सर्जरी, नवजात शिशु, गर्भवती महिलाओं आदि लोगों को खून की जरूरत होती है तो हमारे द्वारा दिया गया रक्त ही उनके काम आता है। इस अवसर पर आयुर्वेद कंपाउंडर नवल सिंह, पशु चिकित्सा उपकेंद्र प्रभारी कमल सिंह सिकरवार, विवेक, नेमीचंद भैसेना, बनवारी लाल शर्मा जगदीश शर्मा, समाज सेविका मालती, पूनम सलोनी, आदि उपस्थित थे।

# बसेड़ी : रात में स्कूल बस के चालक - परिचालक पर अज्ञात लोगों ने किया हमला



### शीशे फोड़े और 20000 रुपये की नगदी ले उड़े बदमाश

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बसेड़ी।** बसेड़ी कस्बे के गांधी तिराहे पर गुरुवार की रात में अज्ञात लोगों ने एक स्कूल की बस के कांच फोड़ दिए। साथ ही बस के चालक एवं परिचालक से भी मारपीट कर दी और बस चालक से 20000 रुपये की नगदी लूटकर मौके से फरार हो गए। बस के मालिक एवं विद्यालय के संचालक बॉबी शर्मा ने बसेड़ी पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया है जिसमें उन्होंने बताया कि सरोजनी आदर्श विद्या मंदिर खिडौरा की बस जिसका नम्बर आरजे 11 पीए 0793 गुरूवार को चालक एवं परिचालक बस में काम कराने के लिए बाड़ी लेकर गए थे, लौटते वक्त तकरीबन 10 बजे बसेडी कस्बे के गांधी तिराहे पर अज्ञात हमलावरों ने लाठी, सरियों व पत्थरों से चालक व परिचालक पर हमला कर बस के शीशों व बॉडी में अत्यधिक तोडफोड की व चालक की जेब से 20,000 रुपये लूट कर भाग गये। पीड़ित ने हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर उचित कानूनी कार्यवाही की मांग की है।



» बाड़ी ... अतिक्रमण हटवाते प्रशासन व पुलिस के कर्मी

# बाड़ी : अतिक्रमण हटाओ अभियान के दूसरे दिन भी दुकानदारों प्रशासन की कार्रवाई

### सामान जब्त करने के साथ लगाया जुर्माना

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** राजस्थान हाई कोर्ट द्वारा लिए गए संज्ञान के बाद जारी निर्देश के आधार पर धौलपुर जिला कलेक्टर और धौलपुर एसपी के निर्देशन में चलाया जा रहा अतिक्रमण हटाओ अभियान पूरे जिले में लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। दूसरे दिन भी बाजार से अतिक्रमण हटाने को लेकर कार्रवाई की गई। बाजार में जैसे ही नगर पालिका,पुलिस और प्रशासन की टीम पहुची तो अतिक्रमणकारियों दुकानदारों में हड़कंप मच गया। हालांकि दुकानदारों द्वारा पूर्व में दी गई चेतावनी की पालना नहीं की, ऐसे में प्रशासन थोड़ा सख्त मुड़ में नजर आया और दुकानदारों के सामान की जप्ती के साथ चालान की कार्रवाई की गई। बाड़ी तहसीलदार हनीफ मोहम्मद खां ने बताया कि जिला कलेक्टर श्री निधि बीटी के निर्देशन में उक्त कार्रवाई को लगातार अंजाम दिया जा रहा है। नगर पालिका टीम का सहयोग करते हुए पुलिस और प्रशासन के अधिकारी कार्रवाई में लगे हुए हैं। शहर के किला गेट से लेकर घंटाघर, सराफा बाजार, सदर बाजार,लोहा बाजार,सीताराम बाजार, बसेड़ी रोड, भारद्वाज मार्केट,अंबेडकर सर्किल और महाराज बाग चौराहे पर उक्त कार्रवाई को टीम ने अंजाम दिया है। एक दिन पूर्व सभी दुकानदारों को पाबंद किया गया था की दुकानों के आगे सामान नहीं लगाए। जिससे बाजार में आवागमन में परेशानी हो लेकिन दुकानदारों पर इसका कोई असर नहीं दिखा। ऐसे में नगर पालिका टीम और पुलिस प्रशासन ने एक्शन लिया है और कुछ दुकानदारों के समान को जप्त किया गया है।

नगर पालिका की सफाई निरीक्षक सीताराम शर्मा ने बताया कि पुलिस और प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण को लेकर दूसरे दिन चलाए अभियान में छह दुकानदारों के एक-एक हजार रुपए के चालान किए हैं। कुछ दुकानदारों का सामान जप्त किया है। सभी से अपील की गई है कि वे बाजार में दुकानों के आगे अतिक्रमण नहीं करें। यदि आगे भी अतिक्रमण होता है तो कार्रवाई जारी रहेगी।

कोतवाली थाने के एसआई जगदीश सागर ने बताया कि बाजार में हालात ठीक नही है। जब पुलिस और प्रशासन का जाप्ता पहुंचता है तो दुकानदार सामान को उठा लेते हैं और टीम के जाते ही फिर से सामान को सड़क पर दुकान के आगे लगा लिया जाता है। ऐसे में थोड़ी सख्ती की गई है।

# एसपी सुमित मेहरड़ा ने सरपचों की बैठक ली



» धौलपुर ... सरपंचों के साथ बैठक लेते एसपी सुमित मेहरडा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पुलिस अधीक्षक धौलपुर सुमित मेहरड़ा द्वारा पंचायत समिति सैंपऊ, धौलपुर एवं राजाखेड़ा के सरपंचों की बैठक लेकर उनकी समस्याओं को सुना तथा उन्हें पुलिस की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस प्रशासन हर समय आमजन की सेवा में तत्पर है इसके लिए उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर एवं स्वयं का मोबाइल नंबर भी सभी के साथ साझा कर कहा कि किसी भी समय पुलिस सहायता की आवश्यकता होने पर संपर्क कर सकते हैं।

# विवाह स्थल प्रदाता समिति की बैठक आयोजित



» धौलपुर ... बैठक में उपस्थित विवाह स्थल संचालक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** गुरूवार को विवाह स्थल प्रदाता समिति धौलपुर की भार्गव वाटिका में बैठक आयोजित की गयी जिसमें सर्व सम्मति से धौलपुर में डीजे पर पूर्ण पाबन्दी का प्रस्ताव पारित किया गया। समिति के अध्यक्ष विमल भार्गव ने बताया कि डीजे के संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना ना हो इसलिए यह निर्णय लिया गया है। गौरव गर्ग ने बताया कि डीजे से शोर शराबा होता है जिससे बुजुर्गों, बीमार व्यक्तिओं तथा पड़ोसियों को कष्ट होता है तथा डांस के दौरान झगडे होते हैं।

राजीव कुशवाहा ने बताया कि विवाह तथा अन्य समारोह शांतिपूर्वक संपन्न हों इसके लिए जो भी प्रयास करने पड़ेंगे हम करेंगे तथा आमजन को बेहतर सुविधाएं देने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर नरेन्द्र संधू, अविनाश शास्त्री, हरजीत सिंह, अजनकान्त शर्मा, दीनानाथ बंसल, गौरव, बाल किशन कुशवाह, अतुल, रंजीत सिंह, बंगाली कुशवाह, विनोद त्यागी, सुरेश तथा अन्य सदस्यगण मौजूद थे।

# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बसेड़ी।** बसेड़ी उपखंड के नादनपुर मोड़ स्थित विद्युत कार्यालय पर नवनिर्मित हनुमान मंदिर का भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुक्रवार को आमजन के सहयोग से संपन्न हुआ। इस समारोह के दौरान वैदिक विधि विधान एवं मंत्रोचारण के साथ आयोजन को व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया गया। 24 घंटे का अखंड रामचरितमानस पाठ की सस्वर प्रस्तुति ने वातावरण में भक्ति और सात्विकता का संचार किया। समारोह के आखिरी दिन आचार्यों ने शास्त्रोक्त विधान से बजरंगबली के विशाल प्रतिमा की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा की। विद्युत विभाग के एईएन आरडी मीणा ने बताया कि आमजन के सहयोग व विद्युत विभाग के कर्मचारियों के सहयोग से हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन कर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे भक्तो ने बढ़चढ़कर प्रसादी प्राप्त की। इस दौरान विद्युत विभाग के अवधेश कुमार, राहुल उपाध्याय सहित समस्त अधिकारी कर्मचारी व भक्तगण मौजूद रहे।

# बाड़ी : कायस्थ पाड़ा मोहल्ले में पंखे से झूलता मिला युवक का शव, परिवार को हत्या की आशंका

### पुलिस ने बोर्ड से कराया पोस्टमार्टम

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बाड़ी।** शहर के कायस्थ पाड़ा मोहल्ले में माता मंदिर के पास एक घर में खुद के कमरे में पंखे से फंदे पर झूलता हुआ 25 वर्षीय युवक का शव मिला है। घटना के बाद घर में हड़कंप मच गया और उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां युवक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और मामले को संदिग्ध मानते हुए पंचनामा के बाद जहां मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया है। वहीं पूरे मामले की जांच एफएसएल और ओआईटी टीम से कराई जा रही है। घटना को लेकर मृतक के बड़े भाई ने परिवार के चाचा के लड़कों पर मारपीट कर प्रताड़ित करने और हत्या की आशंका व्यक्त की है। जानकारी के अनुसार शहर के कायस्थ पाड़ा मोहल्ले में माता मंदिर के पास रहने वाले 25 वर्षी सौरव पुत्र रामखिलाड़ी कोली का फंदे पर लटका हुआ शव गुरुवार की रात को करीबन 11 बजे मिला है। घटना को लेकर मृतक सौरभ की पत्नी पिंकी ने बताया कि वह छत पर बच्चों और परिवार के अन्य लोगों के साथ थी। जब देर रात तक उसका पति घर नहीं आया तो वह अपने 6 महीने के बेटे के लिए दूध लेने नीचे गई। जब उसने अपना कमरा खोला तो कमरे में अंदर सौरभ पंखे पर खुद की सुआपी से लटका हुआ था।उसके चीखने पर घर के अन्य सदस्य नीचे आये जिन्होंने उसे उतारा और अस्पताल लेकर गए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

घटना को लेकर मृतक सौरभ के बड़े भाई मोनू पुत्र रामखिलाड़ी ने पुलिस को जो तहरीर दी है। उसमें अपने परिवार के चाचा रामेश्वर के लड़कों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। मोनू ने पुलिस में कुछ जानकारी दी है कि चाचा के लड़के उधारी के पैसों को लेकर सौरभ को प्रताड़ित कर रहे थे। गुरुवार को शाम 5 से 6 बजे के बीच घर भी आए थे जहां उसकी पत्नी को धमकी देकर गए थे। उसके बाद सौरभ से उसकी पत्नी ने कहा तो सौरभ ने मजदूरी के पैसे आते ही उनका हिसाब करने की बात कही।

### शाम को घर से घूमने गया था सौरभ, देर रात तक नहीं लौटा

शाम करीब 7 से 8 बजे के बीच सौरव अपनी पत्नी से घूमने की कहकर घर से गया था। पत्नी अपने छह महीने के बच्चे सहित परिवार के अन्य लोगो के साथ गर्मी अधिक होने के चलते छत पर चली गई। देर रात तक सौरभ वापस नहीं आया। जब पत्नी 11 बजे बच्चे के लिए दूध लेनी नीचे गई तो सौरभ कमरे में फंदे पर लटका हुआ था। वह घर कब आया उसे उसने फंदा क्यों लगाया। इसकी कोई जानकारी नहीं है।



# स्कूलों में साफ सफाई के कार्य को प्राथमिकता से करवाया जाए - मुख्य लेखाधिकारी

### बैठक में स्थाईकरण तथा एसीपी प्रकरणों के निस्तारण करवाने के दिए निर्देश

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** गुणावातापूर्ण शिक्षा के उन्नयन के लिए शिक्षा विभाग में कई नवाचारी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। राजस्थान राज्य पाठयपुस्तक मंडल जयपुर मुख्य लेखाधिकारी मनोज कुमार गर्वा ने डाइट में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने विभागीय योजनाओं की जानकारी ली एवं फीडबैक लिया। ड्रॉपआउट छात्र छात्राओं के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यदि शिक्षक मन से शिक्षण कार्य करवाए तो निश्चित रूप में ऐसे शिक्षकों को विद्यार्थियों सहित समाज का सम्मान प्राप्त होता है। विद्यार्थियों के प्रति एवं स्कूल के प्रति समर्पण की भावना रखना ही शिक्षक का मुख्य ध्येय होना चाहिए। प्रत्येक स्कूल में नवाचारी शिक्षकों की शिक्षण कार्य के लिए ज्यादा सेवा लेनी चाहिए। नामांकन वृद्धि, छात्रवृति योजना,जिले में शिक्षा विभाग के स्कूलों में चल रहे निर्माण कार्य की जानकारी लेकर कार्य तय समय पर पूर्ण करवाने के आवश्यक निर्देश दिए। राजस्थान राज्य पाठयपुस्तक मंडल द्वारा प्राप्त पुस्तकों के वितरण के बारे में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नामांकन के अनुसार ही पुस्तकों की डिमांड भिजवाएं। निशुल्क पाठयपुस्तकों एवं वर्क बुक का शत प्रतिशत वितरण का इंद्राज शाला दर्पण पर अनिवार्य रूप से होना चाहिए। उन्होंने पेंशन प्रकरण, एमएसीपी प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश दिए । कक्षा 8वीं में डी ग्रेड वाले विद्यार्थियों के विद्यालयों की सूची, शैक्षिक उन्नयन, अध्यापक ग्रेड तृतीय के 11 एवं माध्यमिक शिक्षा के 28 पेंडिंग स्थाईकरण तथा एसीपी प्रकरणों के बारे में चर्चा कर निस्तारण करवाने के निर्देश दिए। स्कूलों में साफ सफाई के कार्य को प्राथमिकता से करवाया जाए। उन्होंने जिले के समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों से लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर निस्तारण करवाने तथा अक्रियाशील आईसीटी लैबों की नीलामी कराने एवं संपर्क पोर्टल पर शिकायतों का त्वरित निस्तारण करवाने के निर्देश दिए। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा कुमारी ने जिले की शैक्षिक प्रगति से अवगत कराया। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक धौलपुर महेश कुमार मंगल ने विभागीय गतिविधियों का विस्तृत लेखा जोखा प्रस्तुत कर विभिन्न प्रकरणों की जानकारी दी।

राजस्थान राज्य पाठयपुस्तक मंडल जयपुर मुख्य लेखाधिकारी मनोज कुमार गर्वा ने राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पचगांव,राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पचगांव का आकस्मिक निरीक्षण किया और साफ सफाई के निर्देश दिए। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय प्रेरणा नगर का आकस्मिक निरीक्षण किया जिसमें व्यवस्थाएं दुरुस्त पाए जाने पर हर्ष व्यक्त किया।

स्वामित्वधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए मै. गुरूकृपा प्रकाशन प्रेस टीआईटी कॉम्पलैक्स मुरैना से मुद्रित एवं साई स्मार्ट सिटी,नगर परिषद ऑफिस के निकट,मचकुण्ड रोड,धौलपुर(राज.) से प्रकाशित आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/27740 संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे।
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र धौलपुर न्यायालय होगा। फोन: 05642-224444, 224666, 224777 फैक्स: 223324 पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए स्थानीय संपादक जिम्मेवार